# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025




# संकट में कस्टम मिलिंग, सेंट्रल पूल का चावल भेजने रैक नहीं, 90 फीसदी काम ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन के धान से राज्य को सेंट्रल पूल में अतिरिक्त 8 लाख मीट्रिक टन चावल देने की अनुमति केंद्र सरकार ने दी है। राज्य के मिलर्स धान उठाकर यह चावल तैयार करने में लगे हैं, लेकिन चावल सप्लाई के लिए रैक नहीं मिलने के कारण परिवहन नहीं हो पा रहा है। नतीजतन मिलों में चावल का स्टॉक जमा हो गया है, अब जगह की कमी के चलते मिलर्स धान नहीं उठा पा रहे हैं। इन हालात के बीच मिलरों का दावा है कि राज्य की करीब 90 प्रतिशत राइस मिलों में काम ठप हो गया है। इस मामले में चिंता की यह बात भी है कि अब खरीफ वर्ष 2025-26 का नया धान जल्द ही आना शुरू हो जाएगा। ऐसे में धान की मिलिंग कैसे हो पाएगी?

## केंद्र को 8 लाख टन चावल देना है, मिलिंग जारी पर सप्लाई नहीं




### अब सरकार से किया ये आग्रह

इस संबंध में चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल का कहना है कि मिलर्स जल्द से जल्द धान का उठाव करेंगे। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि मिलों में तैयार चावल को सेंट्रल पूल में देने के लिए रैक की व्यवस्था कराई जाए।

### फिर खड़ा हो गया संकट

इधर राज्य सरकार को केंद्र से 8 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त चावल की मंजूरी मिलने के बाद मिलरों को धान देना शुरू किया, ताकि चावल तैयार कर सेंट्रल पूल के कोटे में दिया जा सके। मिलरों ने अपना काम शुरू किया, लेकिन परेशानी उस समय सामने आने लगी, जब इसी चावल को अन्य राज्यों में भेजने के लिए एफसीआई को रेलवे की रैक मिलने में मुश्किल होने लगी। इस समय भी राज्य सरकार के अधिकारियों ने नई दिल्ली जाकर आग्रह किया कि राज्य के चावल के लिए रैक उपलब्ध कराई जाए, लेकिन यह नहीं हो पाया है। यही राज्य के चावल और मिलरों पर संकट की वजह बन गया है। इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारी कहते हैं कि वे केंद्र से इस बारे में आग्रह कर चुके हैं, लेकिन समस्या फिलहाल बनी हुई है।

### ये है मामला

पिछले खरीफ सीजन में राज्य सरकार ने 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की। इस धान का एक बड़ा हिस्सा चावल बनाकर सेंट्रल पूल में एफसीआई और राज्य पूल में नागरिक आपूर्ति निगम को दिया गया था। इसके बाद भी सरकार के पास करीब 35 लाख मीट्रिक टन धान अतिशेष के रूप में बच गया था। सरकार ने इस बचे हुए धान को घाटा उठाकर नीलाम करना शुरू किया था। नीलामी के कुछ दौर होने के बाद भी सरकार के पास करीब 12 लाख मीट्रिक टन धान बाकी था। इसी बीच राज्य सरकार, खासकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर केंद्र सरकार ने 8 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त चावल लेने की मंजूरी दे दी। इसकी वजह से सरकार का अतिशेष धान का संकट दूर हो गया।

## शहर के लिए विनोद, सुबोध, मेनन, दीपक, सुनील, शिव और पंकज प्रमुख दावेदार

# एआईसीसी पर्यवेक्षक गुडाधे पहुंचे पीसीसी-डीसीसी की लेंगे बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत रायपुर जिले के पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुडाधे बुधवार देर शाम रायपुर पहुंचे। वे गुरुवार को सुबह राजीव भवन में पीसीसी और डीसीसी अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे। साथ ही रायपुर शहर के जिलास्तर के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। उसके बाद जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ वन-टू-वन बैठक करेंगे। वे रायपुर शहर और ग्रामीण के अध्यक्ष के नाम के लिए मंथन करेंगे। वे जिला अध्यक्ष के दावेदारों के आवेदन भी लेंगे। इस आधार पर चर्चा में आए नामों का पैनल बनाकर एआईसीसी को सौंपेंगे।

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिलों में अपनी पसंद का अध्यक्ष बनाने कांग्रेस से वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। पर्यवेक्षक अपने प्रभार वाले जिलों में स्थानीय कांग्रेस नेताओं और पीसीसी के पर्यवेक्षकों से फीडबैक लेकर पैनल तैयार करेंगे। पैनल में से एक नाम एआईसीसी द्वारा तय कर जिला अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। रायपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लिए कई नेता अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे हैं। प्रफुल्ल गुडाधे कल रायपुर ग्रामीण के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। 11 से 14 अक्टूबर तक वे ब्लॉक लेवल के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। 15 अक्टूबर को दावेदार नेताओं से मिलकर उनकी बात सुनेंगे। प्रदेश में कांग्रेस के 41 संगठन जिले हैं, जिन जिलों में पहले नियुक्ति हो चुकी है, वहां पर नए सिरे से नियुक्ति की जाएगी।

### आवेदन के साथ देनी होगी ये जानकारी

दावेदारी के लिए आवेदन का जो फार्मेट तैयार किया गया है, उसमें 10 सवालों के जवाब देने होंगे। इनमें संगठनात्मक और चुनाव पृष्ठभूमि की जानकारी, इस अवधि में संभाले गए पद एवं दायित्व, सरकारी पद में नामित करने किए जाने की जानकारी, क्या कभी चुनाव लड़ा, यदि लड़ा तो उसकी पूरी डिटेल्स, सामाजिक गतिविधियों से जुड़े होने की जानकारी, पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले ट्रेनिंग कार्यक्रम में हिस्सा लेने की जानकारी, किसी अन्य राजनीतिक पार्टी के सदस्य रह चुके हों तो उसकी जानकारी, पार्टी द्वारा की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई, आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी और अंत में जिला अध्यक्ष क्यों बनना चाहते हैं, इस संबंध में अपने दावे और विशेष योग्यता के बारे में पूछा गया है।




### ग्रामीण के लिए उधो, प्रवीण, पप्पू और खिलेश्वर

जिला ग्रामीण अध्यक्ष के लिए दावेदारों में पूर्व अध्यक्ष उधोराम वर्मा, पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के पुत्र प्रवीण साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र पप्पू बंजारे, भावेश बघेल और खिलेश्वर देवांगन का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। यहां पर जातिगत समीकरण के आधार पर अध्यक्ष तय किए जाएंगे।

### शहर जिलाध्यक्ष बनने कई वरिष्ठ नेताओं ने की दावेदारी

राजधानी रायपुर में शहर जिला अध्यक्ष बनने के लिए कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अपनी दावेदारी की है। प्रमुख दावेदारों में विनोद तिवारी, सुबोध हरितवाल, दीपक मिश्रा, श्रीकुमार मेनन, शिवकुमार ठाकुर, सुनील कुकरेजा और पंकज मिश्रा समेत तीन दर्जन वरिष्ठ कांग्रेसी शामिल हैं।

**विनोद तिवारी**: एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष रायपुर, लोकसभा अध्यक्ष, युवा कांग्रेस रायपुर, शहर उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस रायपुर के पद और संयुक्त महासचिव एवं सचिव पीसीसी रहे हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के संचालक मंडल के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दी।

**सुबोध हरितवाल**: वर्तमान में प्रदेश महासचिव हैं। उन्होंने युवा कांग्रेस और राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में युवा कांग्रेस में कार्य किया।

**श्रीकुमार मेनन**: दावेदारों में पूर्व एमआईसी मेंबर श्रीकुमार मेनन हैं, वे युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं।

**देवेंद्र यादव**: एक दावेदार के रूप में सामने आए हैं। वे निगम की राजनीति में पिछले कई सालों से सक्रिय हैं।

**शिवसिंह ठाकुर**: इनका नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस में संयुक्त महामंत्री हैं। उन्होंने आरडीए सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं भी दी हैं।

**दीपक मिश्रा**: प्रदेश कांग्रेस के महासचिव का पद संभाल रहे हैं और कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। संगठन के काम का उन्हें अच्छा अनुभव है। एनएसयूआई और युवा कांग्रेस में सक्रिय रहे हैं।

**ये भी हैं दावेदार**: कांग्रेस अन्य दावेदारों में सुनील कुकरेजा पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस उत्तर विधानसभा और रायपुर लोकसभा और पंकज मिश्रा एनएसयूआई से कांग्रेस में सक्रिय, वर्तमान में प्रदेश सचिव भी हैं। इधर घनश्याम राजू तिवारी भी शहर अध्यक्ष के लिए दावेदारी करेंगे। अन्य दावेदारों में सुनील कुमार बाजारी और दिलीप सिंह चौहान शामिल हैं, वे 4 दशक से कांग्रेस में सक्रिय हैं।

लेमरु थाना अंतर्गत देवपहरी का मामला

# प्रेम का प्रमाण देने युवक ने पिया जहर इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

एक 26 वर्षीय युवक गांव में रहने वाले युवती से प्रेम किया करता था। जब युवती के परिजनों को उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला तो उसके प्रेमी को पहले और बुलाया और पहले उसका खूब स्वागत सत्कार किया। बाद में जब युवती के परिजनों ने उससे पूछा कि उसकी पुत्री से वह कितना प्रेम करता है उसके लिए क्या कर सकता है। युवती के परिजनों ने उसके सामने जहर घोलकर गिलास रख दिया फिर क्या था युवक सीधा उसे पी गया। मेडिकल हॉस्पिटल में उसकी मौत हो गई है। लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम देवपहरी की है। कृष्ण कुमार पंडो उम्र 20 वर्ष का गांव की युवती से प्रेम प्रसंग था। परिजनों ने को पता चला कि कृष्ण कुमार उसकी पुत्री से प्रेम करता है तो कृष्ण कुमार को युवती के परिजनों ने खाने का निमंत्रण दिया था।

### घर में खिलाया खाना, फिर दिया

युवती के परिजनों ने कृष्ण कुमार से पूछा कि वह उसकी पुत्री से कितना प्यार करता है और उसके लिए क्या-क्या कर सकता है। युवती के परिजनों ने एक गिलास में जहर घोलकर दे दिया था। कृष्ण कुमार ने जहर घोलकर रखे गिलास को सीधे गटक गया और जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे 27 सितंबर को उपचार के लिए हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे थे। जहां पिछले कई दिनों से उसका मेडिकल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। इस बीच बुधवार की दोपहर कृष्ण कुमार की मौत हो गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# अम्बिकापुर जेल जाने के डर से फरार कैदी ने खाया जहर

**बिलासपुर।** अम्बिकापुर जेल जाने के डर से फरार कैदी ने जहर खा लिया है, परिजन ने उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले कैदी ने कलेक्टर के समक्ष आत्मसमर्पण किया था, किन्तु बिलासपुर जेल से उसे लौटा दिया गया था। अम्बिकापुर जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी मुकेश कांत को तबियत खराब होने पर वहां के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान वह अस्पताल से भागकर घर आ गया। उसकी पत्नी अमरिका बाई ने आरोप लगाया है कि अम्बिकापुर जेल में जेलकर्मियों के द्वारा पैसे के लिए उनके पति को प्रताड़ित किया जा रहा था। मारपीट कर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था। मंगलवार को उन्होंने पति को कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष आत्मसमपर्ण कराकर अम्बिकापुर जेल में उनके पति को दी जा रही प्रताड़ना की जानकारी दी। अमरिका बाई ने बताया, कलेक्टर के निर्देश पर उनके पति को बिलासपुर जेल भेजा गया था। 6 घण्टे रखने के बाद जेल से उनके पति को सिविल लाइन थाने में छोड़ दिया गया। सूचना मिलने पर परिजन सिविल लाइन थाना पहुंचकर मुकेश बंसल को घर ले गए। बुधवार को अम्बिकापुर जेल जाने के डर से मुकेश बंसल ने जहर खा लिया।






## हाईकोर्ट ने रेलवे कर्मचारियों को ओवरटाइम वेतन नहीं देने को ठहराया गलत



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में रेलवे कर्मचारियों को ओवरटाइम वेतन नहीं देने को गलत माना है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस मामले में सुनवाई करते हुए एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल सीएटी के आदेश को बरकरार रखा है। यह मामला साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर जोन के इंजीनियरिंग विभाग में रेलवे कर्मचारियों का है। ये स्टाफ 2007 से 2010 के बीच ओवरटाइम ड्यूटी पर था। रेलवे के 19 कर्मचारियों का ओवरटाइम 40, 22,837 रुपए है। हालांकि सीनियर डिवीजनल पर्सनल आफिसर ने इसे पुराने और विलंबित रूप से खारिज कर दिया। इससे नाराज कर्मचारियों ने 2017 में सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में आवेदन किया। यूनियन ऑफ इंडिया और रेलवे अधिकारियों ने हाईकोर्ट में रिट फाइल की, जिसमें दावा किया गया कि सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ने गलत तरीके से आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने पाया कि रेलवे अधिकारियों ने अपने कर्मचारियों के लिए जांच की और 19 कर्मचारियों के लिए 40, 22, 837 रुपए की राशि निर्धारित की। अस्वीकृति का आधार केवल पुराना था। रेलवे सर्वेंट्स रूल्स की धारा का तर्क भी लागू नहीं होता, क्योंकि मूल निरस्ती आदेश केवल विलंब पर आधारित था। इस पर कोर्ट द्वारा रेलवे को निर्देश दिया गया है कि 45 दिनों के भीतर कर्मचारियों के लिए आवेदन पर ओवरटाइम का भुगतान करें।

# नर्सिंग में करियर की गारंटी: CG कॉलेज ने 23 वर्षों में बनाया रिकॉर्ड, बेटियों को मिल रहा सरकारी और निजी अस्पतालों में लाखों के पैकेज

छत्तीसगढ़ में नर्सिंग शिक्षा का पर्याय बन चुका सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग पिछले 23 वर्षों से उत्कृष्टता, सेवा और सशक्तिकरण की मिसाल कायम कर रहा है। रायपुर में सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग और बिलासपुर में सीजी स्कूल ऑफ नर्सिंग के रूप में स्थित यह संस्थान, डॉ. नवीन बागरेचा की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिनका उद्देश्य बेटियों को नैतिक मूल्यों के साथ आत्मनिर्भर बनाना है।

## शिक्षा की गुणवत्ता और शानदार प्लेसमेंट

सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अनुभवी शिक्षकों की एक समर्पित टीम है, जो छात्रों को बेहतरीन शिक्षा और प्रशिक्षण देती है। यह कॉलेज छत्तीसगढ़ के उन अग्रणी संस्थानों में से एक है जो नर्सिंग शिक्षा में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जाने जाते हैं। इस संस्थान की सबसे बड़ी उपलब्धि इसका 100% कैंपस प्लेसमेंट रिकॉर्ड है। हर साल सभी छात्र-छात्राओं को अच्छे पैकेज पर नौकरी मिलती है। कॉलेज के पूर्व छात्रों में से 55% सरकारी अस्पतालों और 45% निजी अस्पतालों में कार्यरत हैं, जो यहां के प्रशिक्षण की गुणवत्ता का स्पष्ट प्रमाण है। छात्रों को कैंपस सेलेक्शन में लाखों के पैकेज पर रखा जाता है।





## डॉ. नवीन बागरेचा का विजन

सीजी कॉलेज के संस्थापक डॉ. नवीन बागरेचा ने बेटियों को बेहतर शिक्षा और नैतिक मूल्यों के साथ तैयार कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस संस्थान की नींव रखी। सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग आज जीएनएम (तीन वर्षीय) और बीएससी नर्सिंग (चार वर्षीय) जैसे पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित कर रहा है इस संस्थान ने नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे छत्तीसगढ़ की बेटियों को बेहतर करियर बनाने और समाज की सेवा करने के अवसर मिल रहे हैं। सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग सही मायने में उत्कृष्टता, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

## नैतिक शिक्षा और क्लिनिकल प्रशिक्षण पर विशेष जोर

कॉलेज का मानना है कि एक सफल नर्स को केवल चिकित्सा ज्ञान ही नहीं, बल्कि उसमें नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेकाहारा (रायपुर), जिला अस्पताल (रायपुर - बिलासपुर) और सीएचसी / पीएचसी में छात्रों को क्लिनिकल प्रशिक्षण की सुविधा मिलती है। यह वास्तविक दुनिया का अनुभव छात्रों को आत्मविश्वास से भर देता है। सीजी कॉलेज के दोनों कैम्पस (रायपुर और बिलासपुर) उत्कृष्ट प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में छात्रों को सुरक्षित माहौल प्रदान करते हैं। इसके अलावा, कॉलेज में छात्रों के लिए छात्रावास और मेस जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

## शहीदों की बेटियों के लिए संकल्प



डॉ. नवीन बागरेचा ने सामाजिक उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने संकल्प लिया है कि छत्तीसगढ़ का कोई भी जवान अगर शहीद होता है तो उसकी बेटी को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, नवीन बागरेचा के संस्थान में हर साल ऐसी 5 बेटियों को चुनकर निःशुल्क शिक्षा दी जाती है जो पढ़ने-लिखने में अच्छी हैं लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने पूर्व में बस्तर की 13 आदिवासी बेटियों को गोद लेकर उन्हें शिक्षित करने का कार्य किया। आज अपने नर्सिंग करियर के तहत वह बेटियां अलग-अलग अस्पतालों में सेवा प्रदान कर रही हैं।

**डॉ. भारवि वैष्णव** सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रशासनिक अधिकारी के रूप विगत 15 वर्षो से अपना दायित्व निर्वहन करने के लिए बहुत गर्व और सम्मान महसूस करती हूं.यह.केवल संस्था नही बल्कि परिवार है जहा पर बच्चो के बेहतर नर्सिंग शिक्षा के साथ एक अभिभावक की तरह संस्था अपने हर एक विद्यार्थी के संस्कार, व्यवहार, नैतिक, समाजिक शिक्षा, सेवा , समर्पण और एक नेक इंसान बनने के लिए प्रेरित करती है, साथ ही संस्था मे कार्य करने वाले हर व्यक्ति के भावना मेहनत और समर्पण को सम्मान देता है, मुझे गर्व है कि मै इस सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग रायपुर-बिलासपुर परिवार का हिस्सा हूं।

**नर्सिंग मे प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ**

**ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि 09/10/2025 से 14/10/2025 तक**

**नर्सिंग करने इच्छुक विद्यार्थी आज ही सम्पर्क करे - 9993582707, 7722991707, 77229 95707**

आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट (75.00%) - ₹89124/-
22 कैरेट रेट (91.60%) - ₹108850/-
24 कैरेट रेट (99.99%) - ₹118820/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025


### पंडित धीरेंद्र शास्त्री से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु का संवाद

# गुरु ने कहा कि मुझे हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए जीना है और कुछ बड़ा करना है, वही कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनके गुरु ने उन्हें हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए काम करने और कुछ बड़ा करने का आदेश दिया। वे हिंदू राष्ट्र और हिंदुस्तान के लिए काम करने का प्रण लेकर काम कर रहे हैं। वे देश को हिंदू राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं, लेकिन लक्ष्य कब मिलेगा इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहते। उनका कहना है कि बस्तर में हो रहे धर्मांतरण के मामले रुकें. विकास की गूंज वहां दिखे। छत्तीसगढ़ राज्य भी विकास की दिशा में आगे बढ़े इसके लिए कार्य हो यही हमारी कामना है। धीरेंद्र शास्त्री से आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विशेष चर्चा के कुछ अंशः

- **बड़े हुजूम के साथ रात 1 बजे तक लोगों के बीच हैं। आपकी दिनचर्या सुबह आठ बजे शुरू होती है, फिर भी इतनी रात सक्रिय हैं। इसका राज क्या है?**
- जिंदगी में जब आपको सफलता प्राप्त करनी हो और कोई जोश और जुनून आपके पीछे लगा हो तो, आपको बातों से नहीं रातों पर ध्यान देना होगा। सोने के बहुत से तरीके हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य प्राप्त करने जागना जरूरी है। स्वयं रातों में नहीं जागूंगा तो दूसरों को जगा भी नहीं पाऊंगा।

हरिभूमि खास

- **बहुत कम उम्र में अपने आपको इस मुकाम पर देखते हैं तो कितने चौंकते हैं?**
- हम एक इंस्यूमेंट हैं, बजा भगवान रहे हैं। हमारी केवल काया है, यह पूरी की पूरी माया है। हम सिर्फ एक वाद्य यंत्र है फूंक वो रहे हैं। हम केवल रंग का डिब्बा है, रंग वह भर रहे हैं। हमारे गुरु ने एक रास्ता दिया है, हमारे गुरु ने यह कहा है कि तुम्हे हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए जीना है। कुछ बड़ा करना है, बड़ा करके ही मरना। उसके बाद हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा। गुरु की बातों को लेकर चल पड़े। हमें यह नहीं पता कि कितने लोग हमसे जुड़े। हमें यह भी पता नहीं कि लोग हमें कितनी गंभीरता से लेते हैं। हमें जो भी बोलना है, सत्य बोलना है, सटीक बोलना हैं। तर्क के साथ बोलना है। जो बात आज के जमाने में लोग बोलने में हिचकते हैं वो बात सीधे बोलना है। अंत में मैं यही कहूंगा कि आप मुझे पसंद नहीं करेंगे तो, आप मुझे नजर अंदाज भी नहीं कर सकते।



- **साधक होने का बोध कब आया आपको कि मुझे यह करना है? आपको किस उम्र में यह विचार आया?**
- हमारी जिंदगी में एक रात ऐसी थी, जिस रात बोध जनमा। हमारे गुरु के जिस गांव में हमारा जन्म हुआ वहीं बालाजी भगवान का स्थान है। जहां संन्यासी बाबा ने 320 साल पहले तप किया था। उन्होंने 84-85 साल तक केवल हनुमान चालीसा का पाठ करते बिताए। सिर्फ एक ही काम ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्म 4 जुलाई 1996 को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में हुआ था। वह एक ब्राह्मण परिवार से हैं और वर्तमान में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर हैं। उन्होंने अपने पिता से धार्मिक शिक्षा प्राप्त की और आध्यात्म में गहरी रुचि के कारण कथावाचन व दिव्य दरबार लगाने के लिए जाने जाते हैं। पिता का नाम राम कृपाल गर्ग और माता का नाम सरोज गर्ग है। उनके पिता एक पुजारी के रूप में काम करते थे। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा अपने गांव के सरकारी स्कूल से प्राप्त की। बचपन से ही उनमें आध्यात्म और हनुमान जी के प्रति गहरी भक्ति थी।

- **आपके गुरुजी आपके दादाजी हैं या कोई बोध है।**
- उनको गुरूजी के रूप में स्वीकार कैसे कर गए यह हम नहीं जानते लेकिन वह रात हमारे जीवन का लाइटमेंट दिन था। उस रात को हमने कुछ पाया। उसको पाने के बाद हमें कुछ पाने की इच्छा नहीं बची।
- **हिंदू,हिंदुत्व के लिए आपका लक्ष्य क्या है?**
- तलवारों की लड़ाई पर हम भरोसा नहीं करते हम विचारों की लड़ाई लड़ते हैं। हमारा उद्देश्य व्यक्ति का परिवर्तन है। बौद्धिक, सामाजिक, वैचारिक, व्यापारिक और राष्ट्र के लिए कुछ करना है। सब के प्रति भावना है। हिंदू अभी सोया है। उसे बाहर निकालना है।
- **ईश्वर तो हिंदू के पास हैं।**
- एक कहानी सुनाते हैं। गांव में एक मांगने वाले व्यक्ति की मौत हो गई। गांव वालों ने कहा वह जहां पर बैठ कर मांगता था, वहीं पर उसे गाड़ दिया जाए। जब उस स्थान को खोदा गया तो उसी की नीचे धन था। व्यक्ति को यह पता ही नहीं था। हिंदू के पास तंत्र-मंत्र के अलावा गीता, रामायण और अन्य ग्रंथ हैं, लेकिन बोध उनके पास नहीं है। इसी को लेकर हम उन्हें जगाने का प्रयास कर रहे हैं।

### आरकेएम पावर प्लांट में बायलर की मरम्मत के दौरान हुआ हादसा

# 10 मजदूरों को लेकर ऊपर जा रही लिफ्ट का तार टूटा, चार की मौत



*सक्ती जिले के आरकेएम पावर प्लांट में हुए एक बड़े हादसे में 4 मजदूरों की मौत हो गई। 6 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को रायगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बायलर की मरम्मत के दौरान ऊंचाई से लिफ्ट गिरने के कारण हादसा हुआ है। सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र अंतर्गत उच्चपिंडा में आर के एम पावर प्लांट संचालित है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

आरकेएम पावर प्लांट में मंगलवार 7 अक्टूबर को बायलर का मरम्मत कार्य चल रहा था। मजदूर अपने काम में जुटे हुए थे। इसी दौरान रात करीब 9 बजे मजदूर बायलर की मरम्मत के लिए लिफ्ट से ऊपर जा रहे थे। प्लांट में लगे लिफ्ट में 10 मजदूर सवार थे। लिफ्ट को 75 मीटर ऊंचाई तक पहुंचना था, लेकिन 40 मीटर की ऊंचाई पर पहुंचते ही अचानक लिफ्ट का तार टूट गया और लिफ्ट गिर गई। इस दौरान लिफ्ट में मौजूद 10 मजदूर चपेट में आ ▶▶|शेष पेज 7 पर

फैक्ट फाइल

- प्लांट में लगे लिफ्ट में सवार थे 10 मजदूर
- 40 मीटर की ऊंचाई पर अचानक लिफ्ट का तार टूटा



#### दंडाधिकारी जांच के आदेश

आरके एम पावर प्लांट में हुए हादसे की जांच के लिए सक्ती जिले के कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने दंडाधिकारी जांच का आदेश जारी किया है। डभरा एस डी एम बालेश्वर राम को जांच अधिकारी बनाया गया है।

#### मालिक सहित आठ पर जुर्म दर्ज

इस मामले में पुलिस ने प्लांट के मालिक, डायरेक्टर समेत 8 लोगों को पर अपराध दर्ज किया गया है। मामले में जिन लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनमें कंपनी के ओनर व डायरेक्टर डॉ. अंडल अरमुगम, डायरेक्टर टी.एम. सिंगरवेल, प्लांट हेड एवं एडिशनल डायरेक्टर, फैक्ट्री ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### पटाखा फैक्ट्री में आग, छह जिंदा जले

*रायवरम। डॉ. बीआर आंबेडकर कोनासीमा जिले में बुधवार को एक पटाखा फैक्टरी में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस को संदेह है कि दोपहर करीब एक बजे हुई यह घटना पटाखा निर्माण फैक्टरी में लापरवाही के कारण हुई। डॉ. बीआर आंबेडकर कोनासीमा जिले के पुलिस अधीक्षक राहुल मीणा ने कहा कि यह लाइसेंस प्राप्त पटाखा फैक्टरी है।*

# माड़ डिविजन में एक्टिव 16 कैडर नक्सलियों की पहली खेप का सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माड़ डिविजन, उत्तर ब्यूरो और कुतुल एरिया में सक्रिय 16 कैडर नक्सली बुधवार को नारायणपुर में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सली माड़ डिवीजन में सक्रिय थे, इनमें नक्सलियों के कमाण्डो नम्बर एक मिलिट्री प्लाटून डिप्टी कमाण्डर ▶▶|शेष पेज 7 पर

- हाल ही में चिट्ठी जारी कर माड़ डिविजन ने सरेंडर करने की मंशा जाहिर की थी



#### नक्सल कमाण्डर मंडा रूबेन ने तेलगांना में किया समर्पण

बीते 44 वर्ष से माओवाद संगठन में सक्रिय 8 लाख का ईनामी मंडा रूबेन ने तेलगांना के वारंगल में पुलिस कमिश्नर सुनप्रीत सिंह के समक्ष समर्पण कर दिया। समर्पित नक्सली मंडा रूबेन उर्फ सुरेश नक्सलियों के दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का मेंबर के अलावा दक्षिण बस्तर डिविजनल कमेटी सचिव भी था। 67 वर्षीय नक्सली नेता ने कहा माओवादी विचारधारा का समय समाप्त हो चुका है। संगठन के बड़े रणनीतिकार ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### कार तालाब में गिरी, चार की मौत

फतेहपुर। फतेहपुर जिले के कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को टायर फटने से एक तेज रफ्तार कार के तालाब में गिरने से चार युवकों की मौत हो गई। पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में साहिल गुप्ता, शिवम साहू, रितेश सोनकर और राहुल केसरवानी की मौत हो गई।

नर्सिंग काउंसलिंग प्रारंभ
बी.एस.सी (N), एम.एस.सी (N)
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी (N)
ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की तिथि
09-10-24 से 14-10-24 तक
7222910430/72
7222910473
7222910451
7222910424




# कफ सिरप निर्माता की फैक्ट्री सील, दो और राज्यों में बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चेन्नई/भोपाल



मध्य प्रदेश में 'दूषित' कफ सिरप पीने से 20 बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने कांचीपुरम जिले में स्थित एक दवा निर्माता की फैक्टरी को सील कर दिया है। इधर, अरुणाचल प्रदेश, तेलंगाना और अंडमान निकोबार ने कफ सिरप 'कोलड्रिफ' की ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### तेलंगाना ने जारी किया नोटिस

तेलंगाना के औषधि नियंत्रण प्रशासन ने उन दो कफ सिरप के विरूद्ध 'उपयोग बंद करें' का सार्वजनिक नोटिस जारी किया है, जिनमें कथित तौर पर विषाक्त पदार्थ का मिलावट पाया गया है।

# आईपीएस की पत्नी बोलीं-डीजीपी और एसपी ने आत्महत्या के लिए उकसाया

आईपीएस सुसाइड केस में शिकायत



**चंडीगढ़।** हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के आत्महत्या के मामले ने प्रशासन और समाज में हलचल मचा दी है। उनके निधन के एक दिन बाद ही उनकी पत्नी अमनीत पी. कुमार, आईएएस (2001 बैच, हरियाणा कैडर) ने हरियाणा के डीजीपी समेत वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। दरअसल, आईएएस अमनीत कुमार इस घटना के वक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### सुसाइड नोट में लगाए गंभीर आरोप

आईपीएस वाई पूरन कुमार ने सुसाइट नोट में आरोप लगाया कि अधिकारियों ने उनके शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया या उन्हें गलत तरीके से पेश किया। सरकारी आवास और वाहन वसूली में असुविधा और देरी हुई। उनके एपीएआर (अधिकारी मूल्यांकन रिपोर्ट) में नकारात्मक और पक्षपाती टिप्पणियां लिखी गईं, जिससे उन्हें मानसिक उत्पीड़न और अपमान झेलना पड़ा।

### सुसुमु, रिचर्ड रॉब्सन और उमर एम याघी को नोबेल

# हवा से पानी बनाने वाले वैज्ञानिकों को रसायन का नोबेल पुरस्कार

**जापान, अमेरिका और आस्ट्रेलिया के खोजकर्ताओं का सम्मान**

एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉब्सन और उमर एम याघी को धातु-कार्बनिक ढांचे के विकास में उनके कार्यों के लिए इस साल रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ये पुरस्कार 'मेटल-जैविक फ्रेमवर्क' (एमओएफ) के विकास के लिए है। ये एक नई तरह की आणविक संरचना है, जिसमें रसायन के लिए जगहें बनी ▶▶|शेष पेज 7 पर

अलग खबर



**मेटल जैविक फ्रेमवर्क**

कल्पना कीजिए कि आप छोटे-छोटे लोहे के टुकड़ों और लंबी कार्बन-आधारित चेनों से एक बड़ा महल बनाते हैं. ये महल इतना मजबूत और खाली जगहों से भरा होता है कि गैसें और रसायन आसानी से अंदर-बाहर आ-जा सकें। यही एमओएफ हैं – मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क। इनमें धातु के आयन (जैसे तांबा) कोने की तरह काम करते हैं। कार्बन वाले लंबे जैविक अणु इन्हें जोड़ते हैं, साथ मिलकर ये क्रिस्टल बनाते हैं, जिनमें बड़ी-बड़ी खाली जगहें होती हैं।

#### यह खोज क्यों है खास

- रेगिस्तान की हवा से पानी निकालने के लिए
- पानी से प्रदूषक या पीएफएएस जैसे हानिकारक रसायन हटाने में
- वायु से कार्बन डाइऑक्साइड साफ करने में
- हाइड्रोजन या मीथेन जैसी गैसों को सुरक्षित रूप से स्टोर करने में
- फल से निकलने वाली एथिलीन गैस को रोकने में ताकि फल धीरे-धीरे पकें
- शरीर में दवाओं को नियंत्रित तरीके से पहुंचाने में

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर इन दिनों भारत के दौरे पर हैं और बुधवार को मुंबई में यशराज फिल्म्स स्टूडियो पहुंचे। यहां बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का स्वागत किया और फिल्म भी दिखाई। इस दौरान यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी भी मौजूद रहे। इसकी तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें कीर स्टार्मर रानी मुखर्जी के साथ बैठकर फिल्म देख रहे हैं।

भारत के दौरे पर हैं इन दिनों ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

# यशराज स्टूडियो पहुंचे स्टार्मर, रानी के साथ देखी फिल्म

## ब्रिटेन का सबसे बड़ा व्यापारिक मिशन आया है भारत

## नए व्यापारिक साझेदारी की शुरुआत करने की कवायद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वाईआरएफ के एक बयान के अनुसार, प्रमुख फिल्म निर्माण कंपनी ने 2026 की शुरुआत में पूरे ब्रिटेन में तीन प्रमुख प्रस्तुतियों की शूटिंग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने मुंबई स्थित यशराज स्टूडियो के दौरे के दौरान की। वाईआरएफ के बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा, 'बॉलीवुड ब्रिटेन में वापस आ गया है, और यह नौकरियां, निवेश और अवसर ला रहा है, साथ ही ब्रिटेन को वैश्विक फिल्म निर्माण के लिए एक विश्वस्तरीय गंतव्य के रूप में प्रदर्शित कर रहा है। भारत के साथ हमारे व्यापार समझौते से ठीक इसी तरह की साझेदारी की शुरुआत होगी - विकास को गति मिलेगी, सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत किया जाएगा और देश भर के समुदायों को लाभ पहुंचाया जाएगा।'

**काफी खास है यूके**

यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी ने कहा, 'यूके हमारे दिलों में एक बहुत ही खास जगह रखता है और हमारी कुछ सबसे प्रतिष्ठित फिल्में, जिनमें दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) भी शामिल है, इस खूबसूरत और अविश्वसनीय रूप से मेहमाननवाज देश में शूट की गई थीं। हमें आज इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए वाईआरएफ में यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टारर की मेजबानी करने का सम्मान मिला और हमें इस बात पर चर्चा करने का भी आनंद मिला कि कैसे भारत और यूके इस तरह के ऐतिहासिक सहयोग के माध्यम से वैश्विक स्तर पर कंटेंट परिदृश्य को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ आ सकते हैं। हमारी कंपनी वर्तमान में यूके में डीडीएलजे, कम फॉल इन लव (सीएफआईएल) नामक अंग्रेजी संगीत नाटक के मंचीय रूपांतरण का निर्माण भी कर रही है।



**यशराज की 3 बड़ी फिल्मों की शूटिंग**

यशराज फिल्म्स ने आज यह पुष्टि की है कि वह अपनी तीन बड़ी फिल्मों की शूटिंग 2026 की शुरुआत से यूनाइटेड किंगडम (यूके) में करेगी। ब्रिटिश पीएम ने कहा कि इस कदम से ब्रिटेन में 3,000 से अधिक नौकरियां पैदा होंगी।

### पीएम मोदी से आज मिलेंगे स्टार्मर

स्टार्मर और पीएम मोदी के बीच कल मुंबई में एक कार्यक्रम में मुलाकात होगी और 'विजन 2030' के तहत साझेदारी के डेवलपमेंट पर चर्चा करेंगे। इसी साल जुलाई में भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर दस्तखत हुआ था। यह समझौता का मकसद आपसी व्यापार को 2030 तक दोगुना करके 120 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। एफटीए से भारतीय प्रोडक्ट्स जैसे- कपड़े, चमड़ा और एग्री प्रोडक्ट को ब्रिटेन में बेचना आसान हो जाएगा। अब स्टार्मर का दौरा दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### विकास का लांचपैड है भारत-ब्रिटेन एफटीए : स्टार्मर

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। ब्रिटेन के पीएम ने मुंबई में भारत के उद्योगपतियों के साथ भी एक मुलाकात की और उसमें उन्होंने कहा कि भारत-ब्रिटेन एफटीए विकास का लांचपैड है। यूरोपीय संघ (ईयू) से बाहर निकलने के बाद भारत के साथ किया गया मुक्त व्यापार समझौता एक बहुत बड़ी डील है। मेरे हिसाब से यह भारत के लिए भी समान रूप से बड़ा और लाभप्रद व्यापार समझौता है। अपने साथ आए बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल को लेकर स्टार्मर ने कहा कि ईयू से बाहर निकलने के बाद ब्रिटेन को नए व्यापारिक संबंधों को अमलीजामा पहनाने की प्रेरणा मिली है।

---

**खबर संक्षेप**

### स्वदेशी जोहो मेल पर शिफ्ट हुए गृहमंत्री शाह



नई दिल्ली। भारत सरकार जोहो नाम की कंपनी को खूब प्रोमोट कर रही है। हाल ही में कई केंद्रिय मंत्रियों ने जोहो के प्रोडक्ट्स की तारीफ की और लोगों से इन्हें यूज करने को कहा। जोहो का वाट्सएप राइवल अरटाई को भी सरकार प्रोमोट कर रही है। होम मिनिस्टर अमित शाह ने भी एक्स पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में लिखा है कि उन्होंने जोहो मेल पर स्विच कर लिया है। इतना ही नहीं, इस पोस्ट में अमित शाह ने अपनी नई जोहो की ईमेल आईडी भी शेयर की है। शाह के पोस्ट के बाद जोहो फाउंडर श्रीधर वेम्बू ने उनका शुक्रिया अदा किया है।

### वानखेड़े केस : शाहरुख-गौरी खान को समन



नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को अभिनेता शाहरुख खान, उनकी पत्नी गौरी खान की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को मानहानि के मामले में समन जारी किया है। यह समन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े द्वारा दायर की गई याचिका पर जारी किया गया है। कोर्ट ने सभी पक्षों को अपने जवाब दाखिल करने के लिए सात दिन का समय दिया है।

### सर्जियो गोर होंगे भारत में अमेरिका के नए राजदूत सीनेट ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। वैश्विक चुनौती बन चुके टैरिफ संकट के बीच अमेरिकी संसद के उच्च-सदन सीनेट ने बीते मंगलवार देर रात भारत के नए राजदूत के रूप में सर्जियो गोर की नियुक्ति को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसमें गौर के पक्ष में 51 और विरोध में 47 सीनेटरों ने मतदान किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए इस साल अगस्त महीने में नामित किया था। हालांकि सीनेट में इस प्रक्रिया के दौरान गौर के साथ 107 उम्मीदवार मतदान की रेस में शामिल हुए। गौर 38 वर्षीय हैं और उन्हें भारत में सबसे कम उम्र के अमेरिकी राजदूत के रूप में भी जाना जाएगा।

---

बिहार विधानसभा चुनाव

# कांग्रेस ने 25 उम्मीदवारों के नाम पर लगाई मुहर!

**राजधानी दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग में हुआ फैसला**

**अगले महीने होने वाले हैं इस राज्य में चुनाव**

**243 सीटों पर 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होगा मतदान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन के भीतर जारी गतिरोध के बीच कांग्रेस ने बुधवार को एक अहम बैठक बुलाई। पार्टी की इस बैठक में बिहार स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन अजय माकन सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इसमें बिहार की 25 सीटों पर मंथन हुआ। जानकारी के मुताबिक इन सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा दी गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस का यह कदम एक रणनीतिक दबाव बनाने की कोशिश है, ताकि यह संदेश दिया जा सके कि वह 'हाई-स्टेक्स' बिहार चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने बताया, 'सीट बंटवारे को लेकर जो भी भ्रम की स्थिति बनी हुई है, उसके बीच दिल्ली में इस बड़ी बैठक का आयोजन हमारे सहयोगियों के लिए साफ संदेश है कि हम अब पीछे नहीं हटेंगे। स्क्रीनिंग कमेटी जिन सीटों पर मुहर लगाएगी, वही सीटें कांग्रेस लड़ेगी। अब इसमें कोई प्रतीकात्मकता या दिखावा नहीं रहेगा।'




### वीआईपी का दावा और खींचतान

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की यह बैठक उस समय बुलाई गई है जब पटना में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के आवास पर महागठबंधन के नेताओं की तीसरे दौर की चर्चा देर रात तक चली। इस बैठक में आरजेडी, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और माकपा (सीपीआई-एम) के प्रतिनिधि मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने 40 से अधिक सीटों की मांग रखी है और कांग्रेस के 60 सीटों के दावे पर सवाल उठाया है। बैठक के दौरान वीआईपी और कांग्रेस प्रतिनिधियों के बीच कुछ तीखे शब्दों का आदान-प्रदान भी हुआ।

### सीट बंटवारे की रणनीति या सौदेबाजी?

एक अन्य कांग्रेस नेता ने कहा, 'ऐसा माना जा रहा है कि आरजेडी ने कुछ छोटे दलों के साथ एक समझ बना रखी है ताकि वे कांग्रेस पर दबाव बढ़ा सकें और उसकी सीटों की संख्या घटाई जा सके। वीआईपी जैसी पार्टियों के पास वास्तव में बहुत कम मजबूत उम्मीदवार हैं और आरजेडी इन सीटों पर अपने नेताओं को मैदान में उतारना चाहती है।'

## चिराग, मांझी और कुशवाहा की ज्यादा सीटों पर लड़ने की डिमांड से उलझा पेंच

बिहार विधानसभा चुनाव में ज्यादा सीटों की मांग रखते हुए चिराग पासवान,जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा ने भाजपा और जदयू की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालांकि एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर किसी भी तरह के मतभेद से भाजपा ने साफ इंकार किया है। बावजूद इसके माना जा रहा है कि प्रेशर पॉलिटिक्स के तहत चिराग पासवान,जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा ने ज्यादा सीटों की डिमांड रख अपना दांव चला है। सूत्रों के मुताबिक, सीट बंटवारे की घोषणा पटना में ही होगी। उम्मीद है कि इस एक-दो दिन में एनडीए गठबंधन में कौन कितने सीटों पर और कहां से लड़ेगा इसका फैसला कर लिया जाएगा। हम पार्टी के जीतन मांझी 15 सीट मांग रहे हैं, चिराग पासवान 40 से 45 सीट मांग रहे हैं जबकि बीजेपी 20 सीट ही देने को तैयार है। उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी 20-22 सीट मांग रही है। भाजपा-जेडीयू 103-103 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय मंत्री ने गिरिराज सिंह ने कहा- सीट बंटवारे को लेकर एनडीए में किसी भी तरह का मतभेद से नहीं है, बातचीत चल रही है और जल्द ही अंतिम फॉर्मूला तय कर लिया जाएगा।



### मांझी ने मांगी 15 सीटें



हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने ने भी अपनी चाहत बता दी है। उन्होंने राष्ट्रकवि दिनकर की कविता के जरिए अपनी डिमांड रखी है। उन्होंने ने बुधवार को संकेत दिया कि भले ही उनकी पार्टी चाहती थी कि बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से आधी सीटों पर चुनाव लड़े, लेकिन एनडीए सहयोगियों से टकराव से बचने के लिए वह 15 सीटों पर समझौता करने को तैयार है। ज्ञात रहे कि बिहार की कुल 243 सीटों पर दो चरणों में वोटिंग होगी। पहले चरण में 6 नवंबर को 121 सीटों पर मतदान होगा। दूसरे चरण की वोटिंग 11 नवंबर को होगी। लोकजनशक्ति पार्टी के सांसद राजेश वर्मा ने बुधवार को साफ कहा कि हम 43 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं, यह हमारा अधिकार भी है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो हमें 2020 के विधानसभा चुनाव की तरह अकेले लड़ने में कोई दिक्कत नहीं है।

---

तालिबान ने ली जिम्मेदारी, जवाबी कार्रवाई में 19 लड़ाके भी ढेर

# पाक सेना के काफिले पर घात लगाकर हमला, 11 सैनिक मारे

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अफगान सीमा के पास एक पाकिस्तानी सैन्य काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले में 9 पाकिस्तानी जवान और 2 अधिकारी मारे गए। इसकी जिम्मेदारी पाकिस्तानी तालिबान ने ले ली है।

जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 19 तालिबानी लड़ाकों को मार गिराया। ये हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रमजिले में हुआ, जहां एलईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) से काफिले को निशाना बनाया गया।

### टीटीपी ने ली हमले की जिम्मेदारी

इस हमले को लेकर पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'कुर्रम जिले में तैनात सैन्य काफिले पर तालिबान के लड़ाकों ने अचानक हमला बोला। रोडसाइड बम विस्फोट के बाद भारी गोलीबारी हुई, जिसमें 9 सैनिक और 2 अधिकारी शहीद हो गए। जवाब में हमारी सेना ने 19 उग्रवादियों को ढेर कर दिया।' यह घटना अफगानिस्तान सीमा के नजदीक ओरकजई जिले से सटे क्षेत्र में हुई, जहां तालिबान लंबे समय से सक्रिय है। टीटीपी ने सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि ये पाकिस्तानी सेना के खिलाफ उनकी 'जिहाद' का हिस्सा है। स्थानीय मीडिया संस्थानों ने पाकिस्तान सशस्त्र बल के हवाले से जानकारी देते हुए कहा कि हमले में लेफ्टिनेंट कर्नल और मेजर रैंक के दो अधिकारी भी शामिल हैं।

## 'भारत से तुरंत रिश्ते सुधारें ट्रंप वरना होगा तगड़ा नुकसान'

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस को कड़ा संदेश देते हुए अमेरिकी कांग्रेस के 19 सांसदों के समूह ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चिट्ठी लिखी है। सांसद डेबोरा रॉस और रो खन्ना की अगुवाई में ट्रंप को यह पत्र लिखा गया है। इन सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रंप से अनुरोध किया है कि भारत के साथ अमेरिका के तनावपूर्ण संबंधों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए और टैरिफ बढ़ाने के सरकार के फैसले को तुरंत वापस लिया जाए। अमेरिकी सांसदों ने यह पत्र आठ अक्टूबर को लिखा, जिसमें कहा गया कि भारत पर टैरिफ बढ़ाकर 50 फीसदी करने से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के साथ अमेरिका के संबंध खराब हुए हैं। इससे दोनों देशों पर नकारात्मक असर पड़ा है।

■ 19 अमेरिकी सांसदों ने अपने राष्ट्रपति को दिखाया आईना

---

जयपुर-अजमेर हाईवे पर बड़ा हादसा

# ट्रक से टकराया टैंकर, एक के बाद एक फटे 200 सिलेंडर

जयपुर। दूदू, जयपुर के मोखमपुरा के पास मंगलवार को जयपुर-अजमेर हाईवे पर बड़ा हादसा हो गया। देर रात एलपीजी सिलेंडर से भरे ट्रक को केमिकल टैंकर ने टक्कर मार दी थी। इससे आग लग गई और एक-एक करके 200 सिलेंडर फट गए थे। कुछ सिलेंडर लगभग 500 मीटर की दूरी तक जा गिरे और धमाके इतने तेज थे कि 10 किलोमीटर तक आवाज सुनाई दी। टैंकर का ड्राइवर रामराज मीणा (35) जिंदा जल गया मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में 5 लोग घायल भी हैं। एलपीजी ट्रक के पास खड़ी 5 गाड़ियां भी जल गई थीं। करीब 6 घंटे तक बंद रहे हाईवे को पुलिस ने सुबह 4.30 बजे खुलवाया। जानकारी के अनुसार केमिकल से भरा टैंकर गुजरात से जयपुर की ओर आ रहा था। महावीर ढाबे के नजदीक आरटीओ चेकिंग के डर से टैंकर ड्राइवर रामराज ने उसे ढाबे की तरफ मोड़ दिया। यहां पहले से खड़े एलपीजी ट्रक से टैंकर टकरा गया।



केमिकल टैंकर का ड्राइवर जिंदा जला

---

करूर भगदड़ की स्वतंत्र जांच की मांग

# 'एसआईटी जांच पक्षपातपूर्ण' सुप्रीम कोर्ट पहुंचे विजय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जिसमें करूर भगदड़ की जांच के लिए विशेष जांच दल गठित (एसआईटी) करने का आदेश दिया गया था। इस भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी। यह मामला सीजेआई के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया।

चीफ जस्टिस ने याचिका को शुक्रवार को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। यह याचिका पार्टी सचिव आधव अर्जुन के माध्यम से दायर की गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। पार्टी ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) को घटना की जांच करने का निर्देश दिया गया था।



### टीवीके का तर्क

अपनी याचिका में टीवीके ने तर्क दिया कि हाई कोर्ट ने राज्य पुलिस अधिकारियों को शामिल करते हुए एक एसआईटी का गठन किया, जबकि पहले ही पुलिस जांच और मामले में अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए गए थे। 3 अक्टूबर को पारित आदेश में मद्रास हाई कोर्ट ने टीवीके के खिलाफ आलोचनात्मक टिप्पणी करते हुए कहा था कि पार्टी ने घटना के बाद उस स्थान को छोड़ दिया तथा उसने कोई खेद व्यक्त नहीं किया। पार्टी प्रमुख विजय 'मौके से भाग गए।' पार्टी ने कहा कि उन्होंने पहले ही जांच को प्रभावित कर दिया है।

---

सिंगापुर में हुई थी संदिग्ध मौत

# सिंगर जुबिन मौत मामला डीएसपी कजिन गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

जुबिन गर्ग की मौत के मामले में गुवाहाटी से उनके चचेरे भाई, असम के डीएसपी संदीपन गर्ग को गिरफ्तार किया गया है। 19 सितंबर को सिंगापुर में जुबिन गर्ग की कथित तौर पर स्कूबा डाइविंग करते समय जान चली गई थी। जिसके बाद उनके परिवार और फैंस ने शक जाहिर किया था कि उनकी हत्या की गई है। इसके बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आश्वासन दिया था कि इस मामले की बारीकी से छानबीन की जाएगी। अब सिंगर की मौत से जुड़े केस में वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएसपी पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश और लापरवाही से मौत शामिल है।



---

सुधर रहे हालात, रात आठ बजे तक खुलेंगी दुकानें

इंटरनेट सेवाएं अभी भी हैं निलंबित

# लेह कर्फ्यू में ढील, बंद पड़े कॉलेज फिर खुले

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख के लेह हिंसा के बाद जिले में लगातार हालात सुधर रहे हैं। प्रशासन ने मंगलवार को कर्फ्यू में और ढील देने का एलान करते हुए बाजारों के खुलने का समय बढ़ा दिया है। अब बुधवार से लेह में हिंसा के बाद से बंद पड़े कॉलेज फिर से खुलेंगे। दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का समय बढ़ाया गया है। अब ये सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खोले जा सकेंगे। पहले सुबह सात से शाम छह बजे तक दुकानें खोलने की अनुमति दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि कई दिनों से स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है जिसके कारण प्रतिबंधों में धीरे-धीरे ढील दी जा रही है। जिलेभर के स्कूल पहले से सुचारु रूप से चल रहे हैं। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं नियमित रूप से शुरू हो चुकी हैं जिससे शहर के भीतर और आसपास आवाजाही आसान हो गई है। हालांकि इंटरनेट सेवाएं अभी निलंबित हैं।

**लेह के बाजारों में रही चहल-पहल**

लेह के बाजारों में बुधवार को काफी चहल-पहल देखी गई। स्थानीय लोग और पर्यटक लंबे समय के बाद दुकानों और कैफे में उमड़ पड़े। हालांकि बीएनएसएस अधिनियम की धारा 163 अभी भी लागू है। इस बीच, कारगिल में स्थिति सामान्य बनी हुई है। सभी सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान और सार्वजनिक परिवहन बिना किसी व्यवधान के चल रहे हैं। बता दें लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर पिछले दिनों शांतिपूर्ण आंदोलन पुलिस गोलीबारी में चार लोगों की मौत के बाद हिंसक हो गया था। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा कार्यालय फूंक दिया था। जमकर सरकार संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था।



### 'उनका हौसला अटूट है'जेल में सोनम से मिलकर बोलीं पत्नी

लद्दाख के क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने जोधपुर की जेल में उनसे मुलाकात की है। लेह में हिंसा के बाद वांगचुक को नेशनल सिक्योरिटी एक्ट के तहत हिरासत में लिया गया था। वांगचुक को हिरासत में लिए जाने के बाद उनकी यह पहली मुलाकात है। इसकी जानकारी खुद सोनम वांगचुक की पत्नी ने एक्स पर दी है। गीतांजलि ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'आज वांगचुक से मुलाकात हुई और उन्हें डिटेंशन का आदेश मिला, जिसे हम चुनौती देंगे। उनका हौसला अटूट है। उनकी प्रतिबद्धता अटल है। उनका धैर्य बरकरार है। वह सभी के समर्थन और एकजुटता के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करते हैं।'

रायपुर
गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025
कार्तिक कृष्ण पक्ष तृतीय
वर्ष : 24, अंक : 84
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.4
न्यून. 24.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# रामगोपाल के पीए, सूर्यकांत के भाई के खिलाफ कोल घोटाले में चालान पेश

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कोल घोटाले में आरोपी बनाए गए कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के पीए देवेंद्र डडसेना तथा सूर्यकांत तिवारी के भाई नवनीत तिवारी के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने बुधवार को स्पेशल कोर्ट में डेढ़ हजार पन्नों का चालान पेश किया है। कोल घोटाले में ईओडब्ल्यू का यह दूसरा पूरक चालान है। इसके पूर्व जांच एजेंसी ने पिछले वर्ष अक्टूबर 2024 में मनीष उपाध्याय एवं रजनीकांत तिवारी के खिलाफ कोर्ट में पूरक चालान पेश किया था। वर्तमान में नवनीत तथा देवेंद्र रायपुर सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ▸▸ शेष पेज 7 पर

## देवेंद्र डडसेना कांग्रेस भवन में 'भवन' नाम से पहुंचाता था पैसे



देवेंद्र डडसेना



नवनीत तिवारी

### रिसीवर के साथ मीडिएटर था देवेंद्र

देवेंद्र डडसेना के खिलाफ कोर्ट में पेश किए गए पूरक चालान में उसे कांग्रेस के तत्कालीन कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल का पीए बताया गया है। साथ ही अवैध कोल लेवी वसूली से प्राप्त बड़ी मात्रा में नकद राशि का उसे वास्तविक रिसीवर एवं मध्यस्थता करने वाला बताया गया है। चालान में देवेंद्र के खिलाफ कांग्रेस भवन रायपुर में "भवन" नाम से दर्ज प्रविष्टियां मिलने की बात का उल्लेख है, जिससे उसके माध्यम से संचालित अवैध लेन-देन की पुष्टि होने का दावा किया गया है। कोल घोटाले में देवेंद्र डडसेना को अपराध की ▸▸ शेष पेज 7 पर

### सिंडिकेट का सक्रिय सदस्य

कोर्ट में पेश किए गए पूरक चालान में नवनीत तिवारी को सिंडिकेट का सक्रिय सदस्य बताया गया है। उसके द्वारा सूर्यकांत के निर्देश पर रायगढ़ में अवैध कोल लेवी सिंडिकेट चलाने का आरोप लगाया गया है। नवनीत के खिलाफ कोल कारोबारी, ट्रांसपोर्टरों पर दबाव बनाकर करोड़ों रुपए की अवैध उगाही का आरोप है। नवनीत पर वसूल की गई रकम को नियमित रूप से रायगढ़ से रायपुर में सिंडिकेट के सदस्यों ▸▸ शेष पेज 7 पर

## ढाई साल बाद सुप्रीम कोर्ट से राहत

# महादेव ऑनलाइन सट्टा एप केस में सभी आरोपियों को जमानत




**नई दिल्ली/रायपुर।** महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए सभी 12 आरोपियों को जमानत दे दी है। इस मामले में रितेश कुमार यादव, भारत ज्योति, विश्वजीत राय, राहुल वकटे, नीतीश दीवान समेत 12 जमानत दी गई है। इस समय सभी 12 आरोपी पिछले ढाई साल से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं।

गौरतलब है कि महादेव बेटिंग एप एक ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए बनाया गया एप है। इस पर साइन इन करने वाले यूजर्स पोकर, चांस ▸▸ शेष पेज 7 पर

### कौन है सौरभ चंद्राकर?

सौरभ चंद्राकर छत्तीसगढ़ के भिलाई का रहने वाला है। ये दुबई में रहकर महादेव बुक, कई ऑनलाइन बेटिंग का संचालन कर रहा था। साल 2018 तक जूस सेंटर का संचालन करता था। ये ही इसके रोजगार का जरिया था। इसके पिता नगर निगम में पंप ऑपरेटर थे, लेकिन साल 2019 को सौरभ दुबई चला गया। अपने दोस्त रवि उप्पल को भी उसने वहां बुला लिया। उसने वहां से ही महादेव ऐप लांच किया। ये इतना तेजी से बढ़ने लगा और धीरे-धीरे सट्टा बाजार का नाम पड़ गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### तीन दिन बाद वैष्णो देवी तीर्थयात्रा फिर शुरू



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा खराब मौसम के कारण तीन दिनों तक स्थगित रहने के बाद बुधवार सुबह फिर से शुरू हो गई। 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी एक दिन के निलंबन के बाद आंशिक रूप से यातायात की अनुमति दे दी गई। दो दिनों के बंद के बाद जम्मू और अन्य जगहों पर सभी सरकारी और निजी स्कूल फिर से खुल गए।

## प्रधानमंत्री ने 26/11 हमले के बाद सैन्य कार्रवाई न करने पर साधा निशाना

# पीएम मोदी बोले-अब भारत घुसकर मारता है कांग्रेस बताए किसके दबाव में कार्रवाई नहीं की

एजेंसी ▸▸ मुंबई

**ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत का किया जिक्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 2008 में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान कांग्रेस सरकार ने कार्रवाई न कर कमजोरी का संदेश दिया था और आतंकियों के सामने घुटने टेके थे। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थी, लेकिन सरकार ने विदेशी दबाव में ऐसा नहीं करने दिया। पीएम ने 22 मिनट की स्पीच में ऑपरेशन सिंदूर, जीएसटी रिफॉर्म और विकसित भारत ▸▸ शेष पेज 7 पर

## नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन

### हवाई अड्डे की खासियत

- हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रिक बस सेवा द्वारा ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा
- 19,650 करोड़ की लागत
- 1,160 हेक्टेयर में फैला
- कमल के फूल जैसी टर्मिनल की डिजाइन
- चारों टर्मिनलों को जोड़ने वाली रैपिड ट्रांजिट सिस्टम
- सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल स्टोरेज की सुविधा



### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखी ताकत

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस को बताना होगा कि वह कौन था जिसने विदेशी दबाव में फैसला लिया। मुंबई व देश की भावना से खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा, हमारे लिए देश और देशवासियों की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आज का भारत दमदार जवाब देता है, घर में घुसकर मारता है। यह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है।

### भारत की वैश्विक कनेक्टिविटी

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मुंबई का लंबा इंतजार खत्म हुआ। मुंबई को अब अपना दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट मिल गया है। ये एयरपोर्ट, इस क्षेत्र को एशिया के सबसे बड़े कनेक्टिविटी हब के रूप में स्थापित करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

### सरकार से कांग्रेस पार्टी ने भी पूछे तीखे सवाल

इधर, कांग्रेस पार्टी ने भी केंद्र सरकार से तीखे सवाल किए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 30 सितंबर 2025 को जारी ताजा अधिसूचना में पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, ओमान, तुर्किए और इस्राइल जैसे देशों के नाम भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा, 'देखिए, कूटनीतिक माहौल कितनी जल्दी बदलता है और कूटनीतिक झटके कितनी तेजी से बढ़ते हैं। कांग्रेस महासचिव ने दोनों अमेरिकी अधिसूचनाओं की प्रतियों साझा करते हुए कहा कि यह भारत की विदेश नीति की असफलता का संकेत है।

## जामपाली के पास दर्दनाक सड़क दुर्घटना

# मवेशी को बचाने के प्रयास में हादसा, तीन की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा

सड़क पर अचानक सामने आए मवेशी को बचाने के प्रयास में बुधवार सुबह 3 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग के जामपाली के पास हुए हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य गंभीर रुप से घायल बताए जा रहे हैं। चंद्रपुर से धनबाद, झारखंड जा रही स्विफ्ट कार क्रमांक जेएच 10 सीजे 1511 अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में शमां खान (32 वर्ष), जरीन खान (9 वर्ष) और आतिश (19 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अफरोज खान और सिबू खान गंभीर रूप से घायल हो गए।

### एनएचएआई के साथ मवेशी पालक भी जिम्मेदार

छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के जिला सदस्य राजेश चौधरी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर आए दिन गौवंशों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। एनएचएआई की जिम्मेदारी है कि वे सड़कों को साफ और सुरक्षित रखें, लेकिन रात के समय हाईवे से गौवंशों को हटाने के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं रहता, जिससे ऐसे हादसे हो रहे हैं। चौधरी ने कहा कि इन दुर्घटनाओं के लिए एनएचएआई के साथ-साथ मवेशी पालक भी जिम्मेदार हैं। मवेशी पालकों को अपने गौवंशों को सड़क पर खुले में छोड़ने के बजाय घर या गौशाला में रखना चाहिए।




10 YEAR WARRANTY
BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**
1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

**शब्द पहेली- 6012 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6023

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 6022 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# मैट्स विवि को यूजीसी की मान्यता, अब प्रदान करेगी ऑनलाइन डिग्री पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के अग्रणी उच्च शिक्षण संस्थान मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से ऑनलाइन डिग्री पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति प्राप्त हुई है। इस प्रकार मैटस यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ की एकमात्र निजी विश्वविद्यालय बन गया है जिसे यह विशिष्ट मान्यता प्राप्त हुई है।

नैक से ए प्लस ग्रेड प्राप्त करने के उपरांत, विश्वविद्यालय को यू.जी.सी. एंटाइटेलमेंट स्टेटस प्राप्त हुआ है, जो यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम्स एंड ऑनलाइन प्रोग्राम्स) रेगुलेशंस, 2020 तथा उसके संशोधनों के अंतर्गत प्रदान किया गया है। इस मान्यता के माध्यम से विश्वविद्यालय अब उच्च गुणवत्ता वाले ऑनलाइन डिग्री पाठ्यक्रम चला सकेगा, जो राष्ट्रीय मानकों एवं गुणवत्ता मानदंडों के अनुरूप होंगे।

इस अवसर पर मैटस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया ने कहा, यह उपलब्धि मैटस यूनिवर्सिटी की गुणवत्ता, सुलभता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यू.जी.सी. की यह मान्यता हमें देश और विदेश के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने में सक्षम बनाएगी। कुलपति प्रो.(डॉ.) के.पी. यादव ने कहा, मैटस यूनिवर्सिटी के ऑनलाइन डिग्री पाठ्यक्रम नियमित पाठ्यक्रमों की तरह ही शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता और सीखने के परिणामों पर आधारित होंगे। डिजिटल शिक्षण पद्धति, वर्चुअल कक्षाओं और वास्तविक मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से यह शिक्षा अधिक प्रभावी और सुलभ होगी।

इस मान्यता के साथ मैटस यूनिवर्सिटी अब भारत के उन चुनिंदा विश्वविद्यालयों में शामिल हो गई है जिन्हें यू.जी.सी. द्वारा ऑनलाइन डिग्री प्रदान करने की स्वीकृति प्राप्त है - यह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, सुदृढ़ अवसंरचना और निरंतर नवाचार की भावना का प्रमाण है।

**शैक्षणिक सत्र 2025-26 से मैटस यूनिवर्सिटी को निम्नलिखित 5 ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की अनुमति प्राप्त हुई है**

1. बैचलर ऑफ कॉमर्स (बी.कॉम.)
2. बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए.)
3. बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.)
4. मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.)
5. मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)

# सोना 2,600 रुपए बढ़कर 1,26,600 रुपए प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में वित्तपोषण की दिक्कतों के कारण कुछ विभागों में कामकाज ठप रहने (शटडाऊन) से उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच मजबूत वैश्विक रुझानों के अनुरूप, राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही और यह 2,600 रुपये की तेजी के साथ 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने के कारण पिछले तीन दिन में सोने में 6,000 रुपये की वृद्धि हुई है।

# एचएमएसआई को 3,726.8 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली। होंडा मोटर कंपनी की गैर-सूचीबद्ध दोपहिया वाहन इकाई होंडा स्कूटर इंडिया का 2024-25 में एकीकृत शुद्ध लाभ 37.77 प्रतिशत बढ़कर 3,726.8 करोड़ रुपये हो गया, पिछले पांच साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। 2023-24 में 2,705.15 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी परिचालन आय 39,237.6 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 31,945.06 करोड़ रुपये थी।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Co. of CSEB) CIN – U40108CT2003SGC015820
OFFICE OF SUPERINTENDING ENGINEER ©& TM) CIRCLE , CSPTCL, BHILAI
Address: Bijalinagar, G.E. Road, Bhilai-3, Dist- Durg (C.G.) -- 490021 GST No. 22AADCC5773E1ZX
Email-SECnTM.Bhilai@CSPC.co.in, Phone No. 0788-2986633, 0788-2986070

NO. 02-21/NIT-Vehicle/ 449 Bhilai, Dated 07-10-2025

**NIT**

Sealed offers are invited from the interested parties for engagement of 01 No. New Vehicle (Tata 407 or equivalent light commercial vehicle Type-I loading capacity 2.5-3.5T) with driver on hire contract basis for C&TM Divisions Bhilai, Raipur, Bilaspur & Korba under Superintending Engineer (C&TM) Circle, CSPTCL, Bhilai. Details as under: -

| S. No. | Type of Vehicle | Duration | Model | Last date & time of purchase tender form | Last date & time of submission of quotation | Opening date & time of quotation |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LCV PICK-UP Type-I Capacity- (2.5-3.5T) | 3 Years | New Vehicle | 24.10.2025 Up to 17:00 Hrs. | 28.10.2025 Up to 15:00 Hrs. | 28.10.2025 Up to 15:30 Hrs. |

The detail information available on company website www.cspc.co.in. The detail information about general terms & condition of quotation can be found from undersigned's office in working day. Tender documents (tender form, terms & conditions etc.) can be downloaded from company website or can be collected from the office of the undersigned.

SAVE ELECTRICITY

Superintending Engineer
(Commn. & Tele.)Circle CSPTCL, Bhilai

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा**

पत्रांक :–................................चाईबासा/दिनांक...............................

:: शुद्धि –पत्र ::

इस कार्यालय के पत्रांक 1077 दिनांक 11.06.2025 द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या **RDD/SD/CHAIBASA/80/2023-24(4th Call)** को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक के लिए स्थागित किया जाता है। जिसका **PR No. 354911 West Singhbhum (25-26)_D** को

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
प० सिंहभूम चाईबासा

PR 363637 (West Singhbhum)25-26*D

**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)

NIT NO:- 776/PWD/Zone-9/2025 RAIPUR DATED : 06/10/2025

Online bids are invited for the following works of works up to Date 24/10/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work | Amount of the Estimate | Earnest Money Deposit | Eligible class of Contractor /Firm | Time allowed for Completion | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 177221 | अधोसंरचना मद के तहत् जोन क्रमांक-9 अंतर्गत पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-51 अंतर्गत विधायक कालोनी से अविनाश वन होते हुए एन.एच.-53 तक नाला पुर्ननिर्माण कार्य। | 19400000/- | 145500/- | Class-C & above | वर्षा ऋतु सहित 12 माह | लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दि. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित। |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 06/10/2025, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*
3. कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। इस कार्य के लिए निविदा शुल्क राशि रू. 3000/- मात्र देय डिमांड-ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE - 9
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

## बिजनेस साइट

# त्योहारी सीजन में सहेली ज्वेलर्स में धमाकेदार ऑफर्स की भरमार



रायपुर। दुर्ग और रायपुर के प्रतिष्ठित सहेली ज्वेलर्स इस त्योहारी सीजन में ग्राहकों के लिए बेहतरीन ऑफर्स लेकर आए हैं, जो करवा चौथ से लेकर धनतेरस और दिवाली तक खरीदारी को खास बना देंगे। 22 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी पर सिर्फ 9% मेकिंग चार्ज और डायमंड ज्वेलरी पर 50% की छूट जैसे ऑफर्स से ग्राहक न सिर्फ सुंदर आभूषण खरीद सकते हैं, बल्कि समझदारी से निवेश भी कर सकते हैं। सहेली ज्वेलर्स के अनुसार, एंटीक डिजाइनों की चाहत रखने वालों के लिए मेकिंग चार्ज 11% से शुरू हो रहे हैं। इसके अलावा, गोल्ड प्री-बुकिंग ऑफर के तहत ग्राहक केवल 25% अग्रिम राशि देकर अपनी पसंदीदा ज्वेलरी को आज की दर पर सुरक्षित कर सकते हैं। यदि भविष्य में सोने के दाम बढ़ते हैं, तो ग्राहक कम कीमत पर खरीदारी कर पाएंगे और अगर दाम घटते हैं, तो नई कीमत लागू होगी। इस तरह यह ऑफर ग्राहकों को हर हाल में लाभ देता है।

100% बीआईएस हॉलमार्क गोल्ड, आईजीआई सर्टिफाइड डायमंड और एक लाख से अधिक डिजाइनों की रेंज के साथ सहेली ज्वेलर्स छत्तीसगढ़ में भरोसे का पर्याय बन चुका है। रायपुर (सदर बाजार) और दुर्ग (श्री शिवम मॉल) स्थित शोरूम्स में हर ग्राहक को एक प्रीमियम अनुभव - परंपरा और आधुनिकता का बेहतरीन संगम मिलता है।

# शेयर बाजार में तेजी थमी सेंसेक्स 153 अंक टूटा

मुंबई । स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 153 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 62 अंक के नुकसान में रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 153.09 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, इसमें 611.66 अंक की घट-बढ़ हुई। निफ्टी 62.15 अंक यानी 0.25 प्रतिशत टूटकर 25,046.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, सन फार्मा, पावर ग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. [illegible] -2025, दिनांक 08.10.2025

कार्य का नाम: [illegible] निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक: 29.10.2025 को 15:30 बजे, निविदा खुलने का समय एवं दिनांक: [illegible] ...www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है [illegible]

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (निर्माण)

South East Central Railway

**छ.ग.गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग**

प्रथम निविदा आमंत्रण विज्ञापन क्र. 49

छ.ग.गृह निर्माण मण्डल संभाग- राजनांदगांव अंतर्गत अटल विहार योजना (फेस-II) माडिंग पीड़िंग (धेनु) मोहला, जिला-मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में प्रथम चरण अंतर्गत 33 नग एल.आई.जी., 08 नग दुकान का निर्माण कार्य तथा आंशिक विकास कार्य हेतु प्रपत्र-'अ' में राशि रू. 496.37 लाख की ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी मो.नं. 98271-75003 पर सम्पर्क करें।

S-45515/4 उपायुक्त

असली केंदवा मलहम — दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम — अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिटी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें 94060-21769

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक — मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेशलिटी डायग्नोस्टिक — पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007 मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282

# करवा चौथ पर सुमीत बाजार में महिलाओं के लिए खास कलेक्शन, हर खरीदारी पर शानदार गिफ्ट



रायपुर। करवा चौथ के पावन अवसर पर सुमीत बाजार ने महिलाओं के लिए खास पारंपरिक और ट्रेंडिंग कलेक्शन पेश किया है, जिसमें साड़ियां, लहंगा, अनारकली सूट, चूड़ीदार पैजामा, पार्टीवियर ड्रेस, को-ऑर्ड सेट, हेवी कुर्ती, घाघरा चुन्नी, सलवार सहित हर तरह की लेटेस्ट एथनिक वियर की विस्तृत रेंज शामिल है। विशेष आकर्षण के रूप में डिजाइनर साड़ियां रेडिमेड ब्लाउज के साथ, सिल्क, कॉटन, ऑर्गेंजा और टिशू साड़ियां, हैवी बॉर्डर वाली स्पेशल साड़ियां भी ग्राहकों को खूब लुभा रही हैं। सुमीत बाजार के संचालक संयम कांकरिया ने बताया कि करवा चौथ केवल एक व्रत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं का प्रतीक है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए बाजार ने न सिर्फ महिलाओं, बल्कि पुरुषों, किशोरों और बच्चों के लिए भी फैशन का खजाना तैयार किया है। साथ ही गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावटी सामान और फर्निशिंग आइटम्स की भी विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है, जिससे यह स्थान एक कंप्लीट फैमिली डेस्टिनेशन बन गया है। त्योहारी खरीदारी को और भी खास बनाने के लिए सुमीत बाजार में हर खरीदारी पर ग्राहकों को आकर्षक गिफ्ट भी दिए जा रहे हैं। संयम कांकरिया ने बताया कि हमारा उद्देश्य हर ग्राहक को एक संपूर्ण शॉपिंग अनुभव देना है। करवा चौथ की तैयारियों के बीच अगर आप पारंपरिक परिधान और फैशनेबल लुक की तलाश में हैं, तो सुमीत बाजार आपकी पहली पसंद बन सकता है।

# सोनालिका ने सितंबर 2025 में रिकॉर्ड तोड़ ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की



नई दिल्ली। सोनालिका ट्रैक्टर्स ने सितंबर 2025 में 20,786 ट्रैक्टरों की रिकॉर्डतोड़ मासिक बिक्री के साथ नया मुकाम हासिल किया है। भारत से ट्रैक्टर निर्यात में नंबर 1 ब्रांड के रूप में पहचानी जाने वाली कंपनी ने यह उपलब्धि देशभर में किसानों के बीच बढ़ती मांग और भरोसे के चलते पाई है। कंपनी ने अगस्त से ही अपना वार्षिक ऑफर 'हैवी ड्यूटी धमाका' शुरू किया, जिसने किसानों को बेहतर तकनीक और कीमत पर ट्रैक्टर खरीदने में मदद की। इसके अलावा, केंद्र सरकार द्वारा ट्रैक्टरों पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% करने के फैसले ने भी बिक्री को बढ़ावा दिया। सोनालिका के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, रमन मित्तल ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि भारतीय किसानों की भावना और कंपनी की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कंपनी आगे भी किसानों को उन्नत तकनीक व समय पर सेवा उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहेगी। बेहतर मानसून और सरकारी नीतियों के सहयोग से, सोनालीका ट्रैक्टर्स देश में समृद्धि और प्रगति की रफ्तार को नई ऊंचाई पर ले जा रहा है।

# एक्सिस बैंक का फ्रीचार्ज के साथ मिलकर क्रेडिट ऑन यूपीआई लांच

रायपुर। भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने फ्रीचार्ज के साथ मिलकर क्रेडिट ऑन यूपीआई विद गोल्ड लोन पेश किया है। यह भारत की पहली ऐसी क्रेडिट लाइन है जो गोल्ड के भरोसे पर आधारित है और यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए उपलब्ध होगी। यह नया समाधान खासतौर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों स्व-रोजगार करने वाले उद्यमियों और शहरी व ग्रामीण व्यापारियों के लिए तैयार किया गया है। इस सुविधा के तहत ग्राहक अपने गोल्ड के बदले तुरंत क्रेडिट प्राप्त कर सकते हैं। यह प्रोडक्ट मौजूदा एक्सिस बैंक ग्राहकों के लिए उपलब्ध है जो बैंक की गोल्ड लोन शाखाओं से जुड़े हैं। पूरी प्रक्रिया डिजिटल है, यानी ऑनबोर्डिंग के बाद शाखा जाने की जरूरत नहीं है। इसमें ब्याज केवल उतनी राशि पर लगेगा जितना उपयोग किया गया है।

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना — मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल — डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA — भर्ती सुविधा उपलब्ध — Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR — शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

निवेद चेस्ट & आई केयर — डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) — डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology — 24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888, 7697752001

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre — 50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल — सभी प्रकार की एलर्जी — डेंटल सुविधा भी उपलब्ध — छाती रोग — अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — 36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 — www.makeoverraipur.com

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर — डॉ. सूरज कुमार चौधरी — डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG), F.M.A.S — C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ — क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक — सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. जाऊलकर — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) — ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — सेन्ट्रल एवेन्यू, चौबे कालोनी, प्रगति कॉलेज, रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर) — जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 — पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध — 0771-3133896, +91 6264070071, 9893299953 — पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic — 17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाल — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक — चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

# द. अफ्रीका के खिलाफ भारतीय शीर्षक्रम बल्लेबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

एजेंसी ▸▸| विशाखापत्तनम

भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में गुरुवार को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है लेकिन अगर आस्ट्रेलिया बुधवार को कोलंबो में पाकिस्तान को हरा देती है तो भारत तीसरे स्थान पर खिसक जाएगा।

भारत ने भले ही पिछले दोनों मैच जीते हों लेकिन स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स के बल्लों से रन नहीं निकलना चिंता का विषय है। तीनों श्रीलंका के खिलाफ नाकाम रहीं थी, जिसके बाद हरलीन देयोल, अमनजोत कौर , रिचा घोष और दीप्ति शर्मा ने टीम को संकट से निकाला। श्रीलंका के खिलाफ भारत ने छह विकेट 124 रन पर और पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट 159 रन पर गंवा दिए थे। निचले क्रम के बल्लेबाजों का योगदान नहीं होता तो भारत की स्थिति खराब हो सकती थी।

### मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा के प्रदर्शन पर होगी नजर

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालांकि इस तरह की गलती नहीं की जा सकती और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा। अगर नतीजा भारत के पक्ष में नहीं रहता तो अंकतालिका में स्थिति खराब होने के अलावा पिछले चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले में भी टीम पर दबाव रहेगा। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि सकारात्मक पहलू देखना चाहेगा कि स्टार बल्लेबाजों के नहीं चलने पर भी जीत टीम की गहराई को दिखाती है। लेकिन उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा का बल्ला दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गजों के खिलाफ खामोश रहा तो यह निर्णायक साबित हो सकता है।

## महिला क्रिकेट विश्व कप : हरमनप्रीत और लौरा की टीमों के बीच मुकाबला आज दोपहर 3 बजे से



### गेंदबाजों ने अभी तक किया अच्छा प्रदर्शन

दूसरी ओर गेंदबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें यह भी देखना होगा कि एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच गुवाहाटी या कोलंबो की तरह नहीं है। दीप्ति शर्मा अभी तक छह विकेट ले चुकी है, जिन्हें साथी स्पिनरों स्नेह राणा और श्री चरणी से अच्छा सहयोग मिला। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ भी प्रभावी रही है। बीमारी के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रही तेज गेंदबाज हरफनमौला अमनजोत कौर की फिटनेस पर भी नजरें होंगी । फिट होने पर वह टीम में रेणुका सिंह ठाकुर की जगह लेंगी।

### दक्षिण अफ्रीका ने की वापसी

दक्षिण अफ्रीका ने पिछले मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर वापसी की। वहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 69 रन पर सिमटने के बाद टीम दस विकेट से हार गई थी। शतक जमाने वाली तजमीन ब्रिट्ज और भरोसेमंद सुने लूस के अलावा कप्तान लौरा वोल्वार्ट, मरियाने काप और एलेके बॉश से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में नोंकु एमलाबा, अयाबोंगा खाका, काप, मसाबाता क्लास और क्लो ट्रायॉन पर नजरें रहेंगी ।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**द.अफ्रीका** : लौरा वोलवार्ट (कप्तान), अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लर्क, मरियाने काप, तजमिन ब्रिट्स, सिनालो जाफ्ता, नॉनकुलुलेको एमलाबा, एनेरी डर्कसन, एनेके बॉश, मसाबाता क्लास, सुने लूस, काराबो मेसो, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शांगासे।

## खबर संक्षेप



### एशियाई कप क्वालीफायर में सिंगापुर से भिड़ेगा भारत

**सिंगापुर।** राष्ट्रीय शिविर के पहले भाग में कई खिलाड़ियों की अनुपस्थित से तैयारी में आई बाधा के बीच भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम गुरुवार को एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के महत्वपूर्ण मैच में सिंगापुर से भिड़ेगी। अगस्त-सितंबर में सीएएफए नेशंस कप के लिए आराम दिए जाने के बाद करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की टीम में वापसी हुई है लेकिन खालिद जमील की पूरी टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच के लिए मुश्किल से एक हफ्ते ही एक साथ ट्रेनिंग की है। भारत चार टीम के ग्रुप सी में सबसे निचले पायदान पर है।

### वेस्टइंडीज क्रिकेट का पतन बरसों पहले हुआ शुरू : सैमी

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने कहा कि वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट का पतन व्यवस्था का 'कैंसर' है, जिसकी शुरुआत काफी पहले हो गई थी। दो बार के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि प्रदर्शन के दम पर अगली पीढ़ी के लिए छोटे प्रारुप के कई रोल मॉडल है और संसाधन उपलब्ध होने पर ही वे खेल सकते हैं।

## शंघाई मास्टर्स : अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने नोवाक

# गर्मी से परेशान जोकोविच बैठे बीच कोर्ट पर, संघर्ष के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी ▸▸| शंघाई

सर्बिया के धुरंधर टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को शंघाई मास्टर्स में गर्मी और उमस के बीच दूसरा सेट गंवाने के बाद चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने जल्दी ही वापसी करते हुए जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद जोकोविच पीठ के बल लेट गए और अपनी आंखों पर हाथ रख लिया। बाद में वह धीरे से उठे और दोनों पैरों के बीच सिर दबाकर बैठ गए। उन्हें एक ट्रेनर उनकी कुर्सी तक लेकर आया। अड़तीस वर्ष के जोकोविच ने कोर्ट पर इंटरव्यू भी नहीं दिया।

### नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर

बाद में एक्स पर लिखा,'बेहद कठिन दिन। शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण।' इस जीत के साथ वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उनकी नजरें रिकॉर्ड 41वें मास्टर्स खिताब पर है। अब उनका सामना बेल्जियम के जिजोउ बर्ग्स से होगा। दसवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने फ्रांस के जियोवान्नि एमपेत्शी पेरीकार्ड को 6- 4, 6-7, 6-3 से हराया।

### जाउमी मुनार को 6-3, 5-7, 6-2 से मात दी



### वुहान ओपन : तीसरे दौर में पहुंची जेसिका

**वुहान।** छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही हेली बापटिस्टे को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर वुहान ओपन टेनिस के तीसरे दौर में जगह बना ली। पिछले सप्ताह चाइना ओपन के सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला का सामना अब नौवी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की अन ली को 7-6, 6-2 से मात दी। क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा ने माया जॉइंट को 6-3, 6-1 से हराया।





### फेनेस्टा ओपन टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में पार्थसारथी, आकांक्षा और रिद्धि

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय पार्थसारथी अर्जुन मुंधे, आकांक्षा घोष और रिद्धि शिंदे ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पार्थसारिथी ने स्वानिका रॉय को 9-2 से हराया जबकि तीसरी वरीय आकांक्षा ने कीर्तमा रंगिनेनी को 9-2 से शिकस्त दी। रिद्धि ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय आशी कश्यप की सर्विस चार बार तोड़ते हुए 9-4 से जीत दर्ज करके अंतिम 16 में जगह बनाई। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में अनिहा गेविनोला ने सातवीं वरीय इशिता श्रीयाला को 9-5 से हराकर उलटफेर किया जबकि शीर्ष वरीय पद्मा रमेशकुमार ने शुभी शर्मा को 9-3 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लड़कों के अंडर-16 वर्ग में शीर्ष वरीय प्रकाश सारन ने सक्षम बंसल को 9-8 से हराया जबकि आठवें वरीय तवीश पाहवा ने पुनीत एम को 9-5 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# जडेजा ने लगाई छह पाएदान की छलांग, सर्वश्रेष्ठ स्थान पर पहुंचे



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 104 रन की नाबाद पारी खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 25वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

जडेजा ने छह पायदान की छलांग लगाई है। 36 वर्षीय जडेजा की इससे पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 29 थी, जो उन्होंने इसी साल जुलाई में हासिल की थी। न सिर्फ बल्ले, बल्कि रवींद्र जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ गेंद से भी सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 4 विकेट हासिल किए। शानदार प्रदर्शन के चलते जडेजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वह ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

### चार पायदान ऊपर चढ़े राहुल

केएल राहुल चार पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपना पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद ध्रुव जुरेल 20 पायदान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर आ गए। इस बीच, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव वेस्टइंडीज के खिलाफ कुल चार विकेट लेकर सात पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श फरवरी 2024 के बाद पहली बार बल्लेबाजी सूची में टॉप-10 में वापस आ गए हैं।

### सिराज 3 पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंचे

दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के विरुद्ध पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 3 विकेट हासिल करने वाले मोहम्मद सिराज गेंदबाजों की सूची में 3 पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पहली बार 700 रेटिंग अंकों को पार किया है। इस टेस्ट मैच के साथ अपनी रैंकिंग सुधारने वाले अन्य खिलाड़ियों में केएल राहुल और ध्रुव जुरेल शामिल हैं, जिन्होंने शतकीय पारियों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में तरक्की की है।

# महिला विश्व कप : 107 रन से जीता ऑस्ट्रेलिया

## पाक की तीसरी हार, मूनी ने लगाया शतक

एजेंसी ▸▸| कोलंबो

महिला विश्व कप के नौंवे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 107 रन से हराकर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की स्थिति बेहद खराब थी। टीम ने महज 76 के स्कोर पर 7 और 115 के स्कोर पर 8 विकेट गंवा दिए। इस समय ऐसा लग रहा था कि मैच का परिणाम पाकिस्तान के पक्ष में आएगा, लेकिन नौंवे विकेट के लिए बेथ मूनी और अलाना किंग के बीच रिकॉर्ड 106 रन की साझेदारी हुई।

दोनों ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 221 तक पहुंचा दिया। बेथ मूनी आखिरी गेंद पर आउट हुईं। मूनी ने 114 गेंद पर 11 चौके की मदद से 109 रन की पारी खेली। मूनी का वनडे में पांचवां शतक था। वहीं, अलाना किंग ने 49 गेंद पर 51 रन बनाए। दसवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाने वाली वह पहली बल्लेबाज बनीं। जवाब में पाकिस्तान की टीम 36.3 ओवर में सिर्फ 114 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान महिला टीम की इस विश्व कप में लगातार तीसरी शिकस्त है।



### बेथ मूनी ने रचा इतिहास

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बेथ मूनी ने शानदार शतक लगाया। वह इस मुकाबले में 114 गेंदों में 109 रन बनाकर आउट हुई। इस शतकीय पारी के साथ ही बेथ मूनी ने इतिहास रच दिया है। महिला क्रिकेट में वह ऑस्ट्रेलिया की पहली ऐसी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टी-20 इंटरनेशनल, वनडे, टेस्ट और वनडे वर्ल्ड कप में शतक लगाया हो। महिला क्रिकेट में इससे पहले टी-20 इंटरनेशनल, वनडे, टेस्ट और वनडे वर्ल्ड कप में शतक लगाने का कारनाम तीन खिलाड़ियों ने किया था। अब उस लिस्ट में चौथे खिलाड़ी के तौर पर बेथ मूनी का नाम जुड़ गया है।


### आम-सूचना

मौजा ग्राम अवरेठी महासती वार्ड भाटापारा स्थित दो मंजिला मकान जिसका शीट क्र. 10डी, प्लाट नंबर 137/1 रकबा 57 वर्गमीटर एवं शीट क्र. 8 प्लाट नंबर 93 रकबा 1804 वर्गफुट जिसका खसरा नंबर 317/1, 319/1, 321/2 है एवं शीट नं. 8 अ प्लाट नंबर 119 खसरा नंबर 322 रकबा 2250 वर्गफुट भूमि एवं सूरजपुरा रोड अवरेठी स्थित भूमि खसरा नं. 10/4, 11/8, 136/9 रकबा 0.348 हे., खसरा नंबर 10/4, 11/8, 136/9 रकबा 0.036 हेक्टेयर, एवं खसरा नंबर 10/78, 11/14 - 15, 136/14-15 रकबा 0.384 हे., एवं राजाडहार प.ह.नं. 10/42, खसरा नं. 70 का भाग रकबा 12000 वर्गफुट भूमि एवं गुढ़ियारी रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 221 / 1 5 रकबा 3800 वर्गफुट के संबंध में ।

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता राहुल अग्रवाल पिता श्री नारायण अग्रवाल निवासी महासती वार्ड भाटापारा हाल मुकाम देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के आधिपत्य की भूमि स्थित मौजा ग्राम अवरेठी महासती वार्ड भाटापारा स्थित दो मंजिला मकान जिसका शीट क्र. 10डी, प्लाट नंबर 137 / 1 रकबा 57 वर्गमीटर एवं शीट क्र. 8 प्लाट नंबर 93 रकबा 1804 वर्गफुट जिसका खसरा नंबर 317/1, 319/1, 321/2 है एवं शीट नं. 8 अ प्लाट नंबर 119 खसरा नंबर 322 रकबा 2250 वर्गफुट भूमि एवं सुरजपुरा रोड अवरेठी स्थित भूमि खसरा नं. 10/4, 11/8, 136/9 रकबा 0.348 हे., खसरा नंबर 10 / 4, 11/8 136 / 9 रकबा 0.036 हेक्टेयर, एवं खसरा नंबर 10/7-8, 11/14-15, 136/14-15 रकबा 0.384 हे., एवं राजाडहार प.ह.नं. 10 / 42, खसरा नं. 70 का भाग रकबा 12000 वर्गफुट भूमि एवं गुढियारी रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 221/15 रकबा 3800 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना (टोकन) अदा कर दिये है, बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय शासकीय, अर्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 05 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें । बाद म्याद प्रस्तुत की गई आपत्ति दावा अमान्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

दिलीप क्षत्रे (अधिवक्ता)
42- बसंत विहार महावीर नगर न्यु पुरैना, रायपुर
(छ.ग.) मोबाईलः 9827102050



### छ.ग. स्टेट पॉवर. डिस्ट्री. कंपनी लिमि. राजनांदगांव

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

कार्या. कार्यपालन अभियंता, (संचा./संधा.) संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांक - (07744)225160, फैक्स नं. (07744)225160

क्रमांक-013-11-00/सामान्य/4640 राजनांदगांव, दिनांक 08/10/2025

// आवश्यक सूचना //

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार / मरम्मत कार्य हेतु निम्नलिखित दिनांक / क्षेत्रों में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित / बंद रहेंगी ।

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम / फीडर का नाम | स्थान कहां से कहां तक | प्रभावित क्षेत्र / ग्राम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09.10.2025 (गुरूवार) | 11 केव्ही. बिहावबोड | सब स्टेशन बघेरा से वनचेतना | बिहावबोड़, परसबोड़, पचपेड़ी, झुराडबरी, वनचेतना । |
| 2 | 10.10.2025 (शुक्रवार) | 11 केव्ही. खैरझिटी | डुमरडीह बस्ती से खैरझिटी | खैरझिटी, डुमरडीहखुर्द, देवडोंगर, जराही, बसुला-खार। |
| 3 | 11.10.2025 (शनिवार) | 11 केव्ही बोरी | सब स्टेशन गठुला से खैरझिटी (यादव ढाबा ) | बोरी, तिलई एवं औद्योगिक कनेक्शन । |
| 4 | 12.10.2025 (रविवार) | 11 केव्ही. गठुला | सब स्टेशन गठुला से गठुला नाला | गठुला सबस्टेशन से समस्त फीडर । |
| 5 | 13.10.2025 (सोमवार) | 33 केव्ही. ठेलकाडीह से गठुला | ठेलकाडीह से गठुला | ओम पॉलीमर, कृष्णा इंण्डस्ट्रीज । |
| 6 | 14.10.2025 (मंगलवार) | 33 केव्ही. चिखली से गठुला एवं 11 केव्ही बघेरा फीडर | 33 केव्ही लाईन चिखली से गठुला 11 केव्ही लाईन भाटागांव से तुमड़ीलेवा | तुमड़ीलेवा |

टीपः- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
" असुविधा के लिए खेद है।"
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए।"

(मुकेश कुमार साहू 91314615)
कार्यपालन अभियंता ( संचा/ संधा) संभाग
छ.ग.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.कं. लिमि., राजनांदगांव



### छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरदायी कंपनी)

कार्यालय : कार्यपालन अभियंता (शहर) संभाग, जगदलपुर

क्र./ का.यं. / शहर / सामा/ 1470 -:: बिजली बन्द की सूचना ::- जगदलपुर दिनांक 08/10/2025

जगदलपुर शहर के समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि (शहर) संभाग, छ.रा.वि.वित.कं.मर्या., जगदलपुर के अंतर्गत निम्नांकित फीडरों / विद्युत एवं 33/11 के. व्ही. सबस्टेशन लाईनों का दीपावली पूर्व रखरखाव / संधारण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः निम्न दर्शायी गई तिथि के सम्मुख दर्शाये गये क्षेत्र में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में कमी या वृद्धि की जा सकती है।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. वृन्दावन फीडर | संतोषी वार्ड, वृन्दावन कालोनी, डीएनके प्रेस, बी.एस.एन.एल ऑफिस, लुथरान चर्च बोधघाट हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वर्धमान कालोनी, साकेत कालोनी, एवं आसपास का क्षेत्र |
| 2 | 10.10.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. टॉऊन फीडर | पावर हाउस चौक, विजय वार्ड, पनारा पारा, संमुद चौक, राजमहल, दामोदर पेट्रोल पंप, पोस्ट ऑफिस, गोल बाजार, पंच रास्ता चौक, सिराहसर चौक एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 3 | 11.10.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. शहीद पार्क फीडर | पुराना बस स्टैण्ड, निर्मल विद्यालय, शहीद पार्क से चेदनी चौक, बालाजी वार्ड, महारानी वार्ड, कोठारी मार्केट, बैलाकोठा, कोतवाली थाना एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 4 | 11.10.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. कलेक्ट्रेड फीडर | कलेक्ट्रेट कार्यालय, नयापारा, बीएसएनएल ऑफिस, जिला सत्र न्यायलय, नेहरू छात्रवास एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 5 | 13.10.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. कुम्हारपारा, फीडर | सनसिटी, अटल आवास, मोहन नगर, कुम्हारपारा, कोसा सेंटर, बंगीय समाज,मैंत्रीसंघ गली कालीबाडी स्कुल, वृन्दावन कालोनी, फोरेस्ट ऑफिस एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 6 | 14.10.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. लालबाग फीडर | खपरा भट्टी, माड़ीन चौक, केन्द्रीय स्कूल, महावीर कालोनी, चंपा बाग, डी. आर. डी. ओ. कॉलोनी, माड़िया चौक, लाई भट्टी, भवानी चौक, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, अटल आवास एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 7 | 15.10.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. टॉऊन-3 फीडर | इंडस्ट्रीयल एरिया, नयामुन्डा, होटल अथिति, चोपडा मिल, किसान बेकरी, बी.एस.एन.एल ऑफिस, तिरंगा चौक, रैन बसेरा, साई मंदिर एवं मिशन स्कुल एवं आसपास का क्षेत्र |
| 8 | 16.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. हाउसिंग बोर्ड फीडर | 440 फलैटस, रविशंकर नगर एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 9 | 16.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. पथरागुड़ा फीडर | लाल बाग, बैंक कालोनी, पुलिस कोआर्डिनेट सेंटर, ऑफिसर कॉलोनी,पुराना गेस गोदाम एवं आसपास का क्षेत्र। |
| 10 | 16.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. एरोड्रम फीडर | सिचांई कालोनी, बोधघाट थाना, रेलवे स्कूल एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 11 | 17.10.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. टॉऊन-1 फीडर | कृष्णा पेट्रोल पंप से कलेक्ट्रेट कार्यालय तक, कोर्ट, लाल चर्च, महारानी वार्ड, कमीश्नर कार्यालय, सीटी ग्राउंड एवं आसपास का क्षेत्र । |
| 12 | 17.10.2025 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. बसस्टैण्ड फीडर | आवंतिका कालोनी, बोधघाट चौंक, होटल अतिथि, हॉटल रिखा के पीछे, नया बस स्टैण्ड, नगर निगम ऑफिस, लालचर्च, आकाश नगर, फेजरपुर, भाजपा कार्याल, शांति नगर, गोयल धर्मशाला, संजय नगर एवं आसपास का क्षेत्र |
| 13 | 09.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. इंडस्ट्रियल फीडर | अविनाश अतुल्य, बहादुरगुड़ापारा, मेटगुड़ापारा, एन एम डी सी रेस्ट हाउस, गीदम रोड, ,परपा थाना, परपा, माड़ियापारा |
| 14 | 11.10.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. ग्रीनसिटी फीडर | अघनपुर एम पी एम हास्पिटल के आसपास का क्षेत्र, गोंडवाना समाज भवन, अविनाश वुडस, अर्शिया स्काय, ग्रीन सीटी केंगोली श्वेता कालोनी कंगोली |
| 15 | 13.10.2025 | सोमवार | 11 के.व्ही. टाउन 2 फीडर | बहादुरगुड़ापारा, राजेन्द्रनगरवार्ड, बसस्टैंड रोड, मेटगुडा, जिलापंचायत, नयापारा, गॉधीनगर वार्ड, राउतपारा, ओझाबाडी, बैलाबाजार, आजाद चौक, पैलेष रोड |
| 16 | 14.10.2025 | मंगलवार | 11 के.व्ही. अनुपमा फीडर | अघनपुर, डीआरडीओं, मनीषकाले नर्सिंग होम, एल आईसी कालोनी, श्री बालाजी मंदिर के पास, चित्रकोट रोड, संजय बाजार, अनुपमा चौक, हिकमीपारा, मोतीतालाबपारा |
| 17 | 15.10.2025 | बुधवार | 11 के.व्ही. दलपतसागर फीडर | इजीनियरींग कालेज कालोनी, हास्टल, शहीद महेन्द्र कर्मा युनिवर्सिटी, कालोनी, हास्टल, महिला पालीटेक्नीक कालेज कालोनी हास्टल, माडल कालेज, अटल आवास कालीपर, धरमपुरा माता मंदिर के आसपास का क्षेत्र |
| 18 | 16.10.2025 | गुरूवार | 11 के.व्ही. अघनपुर फीडर | धरमपुरा 1,2,3, पी जी कालेज, अशोका पार्क, महावीर नगर, विकासनगर, रेडडी कालोनी, आश्रम रोड, दुरदर्शन केन्द्र |
| 19 | 18.10.2025 | शनिवार | 11 के.व्ही. कंगोली फीडर | अशोका लाईफ स्टाईल कालोनी, आर के स्थोरेज, कंगोली डोंगरी पारा, केशर रोड, खपरा भट्टी पारा एस ए एफ परपा |

"बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है"
"असुविधा के लिये खेद है"

कार्यपालन अभियंता (शहर) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., जगदलपुर

# वैज्ञानिकों की चेतावनी...
# बदल रहा है धरती का नक्शा

दुनिया के सबसे बड़े महाद्वीपों में से एक अफ्रीका अपने पूर्वी तट पर 2 हिस्सों में टूट रहा है। इसी वजह से दुनिया में एक नया महासागर बनने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, यह प्रक्रिया बहुत धीमी है, लेकिन ये धरती के भूगोल को आज की तुलना में पूरी तरह से बदल कर रख सकती है।

**वॉशिंगटन।** जब यह बदलाव होगा तो लाल सागर और अदन की खाड़ी इस नए बन रहे महासागर से मिल जाएंगे। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह घटना बिल्कुल वैसी ही होगी जैसे लाखों साल पहले जब दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका से अलग हुआ था और अटलांटिक महासागर बनना शुरू हुआ था।

- जल्द 2 हिस्सों में टूट कर बिखर जाएगा ये देश






## कैसे बनते हैं नए महासागर?

इस नए महासागर के बनने की शुरुआत दरार के नीचे से लावा के ऊपर आने से होती है, जिसमें भूकंप भी मदद करते हैं। इथियोपिया का अफार क्षेत्र एक ऐसी जगह पर है, जहां बार-बार भूकंप आते रहते हैं। जब लावा बहता है तो वह मैग्मा डाइक नाम की चट्टानों की दीवारों को खोल देता है। ये दीवारें ठोस लावा को किनारों की ओर धकेल देती हैं और इससे दरार गहरी होती चली जाती है। इससे परत पतली हो जाती है और अंत में समुद्री पानी इस पतली जगह से अंदर बह जाएगा और यह घाटी नया समुद्री किनारा बन जाएगा।



## कब तक बनेगा ये नया महासागर?

फिलहाल ये दरारें हर साल सिर्फ कुछ मिलीमीटर ही चौड़ी हो रही हैं जो कि बहुत ही धीमा है। हालांकि, यह रफ्तार सुनने में कम लगती है, लेकिन धरती का भूगोल बनने के लिए काफी है। वैज्ञानिकों का अंदाजा है कि पूर्वी अफ्रीकी दरार कतो पूरी तरह से टूटने और नया महासागर बनने में 50 लाख से 1 करोड़ साल तक का समय लग सकता है।

## कहां बन रहा है नया महासागर?

अफ्रीका के पूर्वी तट पर जहां इथियोपिया, केन्या और सोमालिया जैसे देश हैं वहां जमीन टूट रही है, जिससे एक नया महासागर बनने की प्रक्रिया चल रही है। यह टूट-फूट ईस्ट अफ्रीकन रिफ्ट वैली नाम की जगह पर हो रही है। यह दरार इथियोपिया से शुरू होकर केन्या से होते हुए तंजानिया और मोज़ाम्बिक तक फैली हुई है। इस दरार में अफ्रीकी प्लेट 2 बड़े हिस्सों में बंट रही है, न्युबियन ब्लॉक, जो पश्चिम की ओर है और सोमाली ब्लॉक, जो पूर्व की ओर है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
- प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
- कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
- कॉस्मेटिक सर्जरी
- हेयर ट्रांस्प्लांट
- लाइपोसक्शन
- अंगों का प्रत्यारोपण

पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# यहां नाश्ते में खाई जाती है मिट्टी, मर्द नहीं सिर्फ औरतों को खाने की इजाजत!

**नई दिल्ली।** क्या आपने कभी सुना है कि नाश्ते में मिट्टी खाई जाती हो? पंजाब के बाजारों में ये कोई मजाक नहीं, बल्कि सदियों पुरानी परंपरा है। मुल्तानी मिट्टी, जो भुनी हुई क्ले के रूप में बिकती है, महिलाओं का पसंदीदा स्नैक बन चुकी है। लेकिन, चौंकाने वाली बात ये कि पुरुषों को इसे खाने की मनाही है, क्योंकि इससे किडनी स्टोन का खतरा बढ़ जाता है। एक इंस्टाग्राम रील ने इस रहस्य को दुनिया के सामने ला दिया, जहां एक



महिला बाजार में इसे चखते हुए दिखी। मुल्तानी मिट्टी मूल रूप से पाकिस्तान के मुल्तान क्षेत्र से आती है, लेकिन भारत के पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी लोकप्रिय है। बाजारों में इसे किलो के भाव बेचा जाता है—कच्ची या भुनी हुई।

## शौक से खाती हैं मिट्टी

महिलाओं को ये खाना काफी पसंद है। हेल्थ बेनिफिट्स के साथ ही साथ ये उन्हें स्वादिष्ट भी लगती है। लेकिन, पुरुषों के लिए ये जहर समान है। डॉक्टरों का कहना है कि पुरुषों के शरीर में इसका असर अलग होता है, जो किडनी में पथरी पैदा कर सकता है। हालांकि, आपको बता दें कि यह प्रथा नई नहीं है। अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के कई हिस्सों में जियोफैगी प्रचलित है।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।

आरबीआई कहता है...
जानकार बनिए, सतर्क रहिए!

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

SPORT UTILITY VEHICLES
mahindra Rise

त्योहार का जश्न मनाइए दुगने फ़ायदे के साथ

पाइए ₹ 2.56 लाख* तक के फ़ायदे
(GST के फ़ायदे + सीमित अवधि का फेस्टिव ऑफ़र)



| XUV 3XO | INTRODUCING THE ALL-NEW XUV400 | THAR | XUV700 | SCORPIO N | BOLERO neo |
|---|---|---|---|---|---|
| ₹ 79 500.00* तक के फ़ायदे | ₹ 3 15 000.00* तक के फ़ायदे | ₹ 11.80 लाख* से शुरू | ₹ 80 600.00* तक के फ़ायदे | ₹ 45 600.00* तक के फ़ायदे | ₹ 1 24 000.00* तक के फ़ायदे |
| + | + | + | + | + | + |
| ₹ 1 56 000.00* तक के GST फ़ायदे | ₹ 15.49 लाख* से शुरू | ₹ 1 35 000.00* तक के GST फ़ायदे | ₹ 1 43 000.00* तक के GST फ़ायदे | ₹ 1 45 000.00* तक के GST फ़ायदे | ₹ 1 27 000.00* तक के GST फ़ायदे |

जल्दी करें, ऑफर 31 अक्टूबर 2025 तक मान्य

अपनी पुरानी गाड़ी स्क्रैप करें और पाएं ₹ 1.5 लाख तक के फ़ायदे*

mahindra with you hamesha
xmart by mahindra SMART BUY. SMART EXCHANGE.

*क्रेडिट बैंक के पूर्ण विवेक पर. *बैंक/फायनांस कंपनी से क्रेडिट की मंजूरी के अधीन. अन्य सभी नियम व शर्तें लागू होंगे. ऑफ़र चुने हुए मॉडल्स पर स्टॉक रहने तक मान्य. इस ऑफ़र को किसी अन्य ऑफ़र के साथ जोड़ा नहीं जा सकता है. उल्लेख किया गया ऑफ़र उपलब्ध अधिकतम फायदा है जिसमें इंश्योरेन्स, एक्सचेंज, लॉयल्टी, कॉर्पोरेट यथा लागू, शामिल है. ऑफ़र में खरीदे गए ब्रांड तथा मॉडल के अनुसार भिन्नता होगी तथा एक शहर से दूसरे शहर के लिए यह अलग हो सकता है. वास्तविक विवरणों के लिए अपने नजदीकी महिंद्रा डीलर से संपर्क करें. ऑफ़र की शर्तों को पूर्व सूचना के बिना बदला/संशोधित किया/वापस लिया जा सकता है. दिखाई गई एक्सेसरीज़ स्टैण्डर्ड उपकरण के हिस्से नहीं हैं. *ऑफ़र स्टॉक रहने तक मान्य. *नियम व शर्तें लागू. *GST में कटौती के कारण नई कीमत 22 सितंबर 2025 से लागू.

RALAS MOTORS: RAIPUR, BALODA BAZAR, MAHASAMUND, SARAIPALI - 7290057246, SHIVNATH AUTOMOBILES: BHILAI, RAJNANDGAON, BALOD, KAWARDHA, BEMETARA - 7290057248, SHIVNATH MOTORS: RAIPUR, GARIABAND - 9667947878, RALAS AUTOMOBILES: DHAMTARI, KANKER, KONDAGAON - 7290057247, BR BALAJI LLP: JAGDALPUR, SUKMA, DANTEWADA, BIJAPUR - 8448989091

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्प्लेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com